卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

ॐ शरवणभव卐 ॐ शरवणभव卐 ॐ शरवणभव卐 ॐ शरवणभव卐

♦वर्ष 26 ♦अंक 177 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦4 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## ज्ञान और संस्कारों की धरोहर हैं पुस्तकें: धामी

### मुख्यमंत्री ने किया दून बुक फेस्टिवल-2026 का उदघाटन

देहहरादून (उद संवाददाता)। परेड ग्राउंड में आयोजित दून बुक फेस्टिवल में साहित्य, संस्कृति और कला का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। इस अवसर संबोधन में मुख्यमंत्री ने पुस्तकों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि डिजिटल सरकारी कार्यक्रमों में फूलों के गुलदस्ते (बुके) देने के बजाय पुस्तकें (बुक) भेंट





-2026 का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधिवत उद्घाटन किया। 12 अप्रैल तक चलने वाले इस भव्य पुस्तक महोत्सव पर मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया और विभिन्न प्रकाशकों के स्टालों का अवलोकन भी किया। अपने युग में भी किताबों की अहमियत कम नहीं हुई है, बल्कि और बढ़ गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने करने की एक स्वस्थ परंपरा शुरू की है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में पढ़ने की संस्कृति (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रधानमंत्री मोदी 14 अप्रैल को उत्तराखंड को देंगे बड़ी सौगात

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को उत्तराखंड के दौरे पर आ सकते हैं, जिसे लेकर शासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस प्रस्तावित दौरे के दौरान प्रधानमंत्री देहरादून में दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे



**दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के साथ कई बड़ी योजनाओं का होगा शिलान्यास**

सहित राज्य की कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। हालांकि प्रधानमंत्री कार्यालय से अभी आधिकारिक कार्यक्रम जारी होना शेष है, लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को इस संबंध में स्पष्ट संकेत दिए हैं। प्रधनमंत्री का यह दौरा पहले 4 अप्रैल को प्रस्तावित था, लेकिन अन्य राज्यों में चुनावी व्यस्तताओं के चलते इसे आगे बढ़ा दिया गया था। अब 14 अप्रैल को होने वाले इस कार्यक्रम में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे को जनता को समर्पित किया जाना सबसे प्रमुख है। लगभग 213 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस-वे (शेष पृष्ठ सात पर)

## मार्ग अवरोधक से टकराकर बाईक सवार युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शुक्रवार की रात्रि किच्छा मार्ग पर निर्माणाधीन बाईपास रिंग रोड पर यातायात रोकने के लिए लगाये गये मार्ग अवरोधक पत्थर से टकराकर एक बाईक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस से उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकाकें ने उसे मृत घेषित किया। मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर उसकी पहचान करने के प्रयास शुरू कर दिये हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात्रि करीब साढ़े दस बजे किच्छा की ओर से एक युवक अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 25 जेड 4184 पर सवार होकर तेजी से निर्माणाधीन बाईपास रिंगरोड़ से जा रहा था। बताया जाता है कि इस मार्ग पर कुछ ही आगे रोड़ के मध्य पत्थर के अवरोधक लगाये गये हैं। जो सम्भवतया बाईक सवार युवक देख नहीं पाया और वह तेजी के साथ उस पत्थर से टकराने के बाद बेसुध होकर लहूलुहान हालत में गिर गया। राह गुजरते लोगों ने जब घटना को देखा तो उन्होंने मामले की सूचना 108 एम्बुलेंस और 112 पर काल कर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## जंगल गई महिला को गुलदार ने बनाया निवाला

नैनीताल। भीमताल क्षेत्र में मानव वन्यजीव संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटना में देर रात एक महिला को गुलदार ने अपना शिकार बना लिया, जिससे पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल व्याप्त है।



महिला दोपहर के समय अपने मवेशियों के लिए जंगल में घास लेने गई थी। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास के क्षेत्र में उसकी खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद भी जब महिला का पता नहीं चला, तो इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन और वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग और स्थानीय पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाया। देर रात जंगल के भीतर महिला का शव क्षत विक्षत अवस्था में बरामद किया गया। शव की स्थिति को देखकर अंदेशा जताया जा रहा है कि घात लगाकर बैठे गुलदार ने महिला पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस हृदय विदारक घटना के बाद ग्रामीणों में भारी रोष है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से गांव के आसपास गुलदार की सक्रियता बनी हुई है और कई बार पिंजरा लगाने व गश्त बढ़ाने की मांग की गई, लेकिन विभाग ने (शेष पृष्ठ सात पर)

### वन्यजीव के हमले से बुजुर्ग किसान की मौत

हल्द्वानी। कालाढूंगी बंदोबस्ती क्षेत्र में वन्यजीव के हमले से 68 वर्षीय एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। हमले के दौरान किसान के कूल्हे टूट गए और शरीर की मांसपेशियां बुरी तरह फट गईं। परिजनों ने क्षेत्र में हाथियों की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए हाथी के हमले की आशंका जताई है।जानकारी के अनुसार कालाढूंगी बंदोबस्ती हड़कियाचौड़ निवासी 68 वर्षीय भूपेंद्र सिंह बिष्ट शुक्रवार शाम को पास में ही लगने वाले शुक्र बाजार से सब्जी खरीदने के लिए घर से निकले थे। सब्जी खरीदकर वापस लौटते समय गांव के रास्ते में घात लगाए बैठे वन्यजीव ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमले में उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई और पैर (शेष पृष्ठ सात पर)

## रूद्रपुर में अतिक्रमण पर गरजी जेसीबी

### सख्ती से मचा हड़कंप,चेतावनी के बाद भी कब्जा न हटाने पर चला पीला पंजा

रूद्रपुर (उद संवादाता)। फाजलपुर महरौला क्षेत्र में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन का डंडा गरजा। एडीएम नजूल पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में पहुंची भारी भरकम टीम ने एक दर्जन से अधिक अवैध निर्माणों और कब्जों को जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, फाजलपुर महरौला में लंबे समय से सरकारी भूमि पर अवैध रूप से पक्के और कच्चे



निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था। इस संबंध में प्रशासन द्वारा पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई थी कि लोग स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा लें, लेकिन चेतावनी का कोई असर न होते देख प्रशासनिक टीम ने शनिवार को सख्ती दिखाई। मौके पर पहुंची जेसीबी ने एक के बाद एक अवैध ढांचों को गिराना शुरू कर दिया। अभियान (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिलेंडर वितरण में धांधली पर ठेकेदार हिरासत में

### महापौर एडीएम और तहसीलदार ने लगाई फटकार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इण्डेन गैस के उपभोक्ताओं को समय से होम डिलीवरी न देने और अवैध रूप से सिलेंडरों की कालाबाजारी में लिप्त होने पर आज सैकड़ों गैस उपभोक्ताओं ने गैस एजेन्सी पर खूब हंगामा किया। जिसके बाद ठेकेदार के भड़काने पर होम डिलीवरी करने वाले कर्मियों ने हड़ताल शुरू कर काम बंद कर दिया। मामले की



जानकारी मिलते ही मेयर विकास शर्मा, एडीएम पंकज उपाध्याय व तहसीलदार दिनेश कुटौला कर्मियों के साथ एजेन्सी पर आ पहुंचे और उन्होंने हंगामा कर रहे उपभोक्ताओं से विस्तार से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। जिसके बाद मेयर व अधिकारियों ने ठेकेदार को मौके पर बुलवाकर होम डिलीवरी का काम रोकने पर जमकर लताड़ लगाई और कहा कि आम जनता को किसी भी तरह से परेशान नहीं होने दिया जायेगा। मेयर(शेष पृष्ठ सात पर)

## फायर से धुरंधर तक: बढ़ती पहचान के साथ बढ़ी जिम्मेदारी

### पार्टी नेतृत्व और जनता से मिली पहचान मेरे लिए बड़ी जिम्मेदारी: धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट किया है कि पार्टी नेतृत्व और जनता से मिल रही पहचान उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का हर पल प्रदेश की सेवा और विकास को समर्पित है। नगर निगम में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा दी गई श्फ्लावर नहीं फायरश, धाकड़ और अब धुरंधर जैसी उपमाओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये उपमाएं केवल शब्द नहीं हैं, बल्कि यह केंद्रीय नेतृत्व का विश्वास और जनता



की अपेक्षाओं का प्रतीक हैं। इन संबोधनों के साथ राज्य के प्रति उनका उत्तरदायित्व और भी बढ़ गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनभावनाओं के अनुरूप उत्तराखंड के विकास को तेज गति देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हर निर्णय राज्य की जनता के व्यापक हित को ध्यान में रखकर लिया जा रहा है। पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर बेहद सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि उत्तराखंड में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि राज्य में सक्रिय हर प्रकार के अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर तत्काल सलाखों (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा नेता सचिन मुंजाल चेक बाउंस मामले में गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 31 के पूर्व पार्षद, वर्तमान पार्षद पति एवं भाजपा नेता सचिन मुंजाल को चेक बाउंस के मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके बाद शहर की राजनीति में हलचल मच गई। बताया जाता है



कि चेक बाउंस के एक मामले में न्यायालय द्वारा दोषी बताए जाने के बाद सचिन निर्धारित तारीख पर न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। जिस पर अदालत द्वारा उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे ने बताया कि 27 फरवरी 2025 को अदालत ने सचिन मुंजाल को दोषी करार देते हुए छह माह की सजा और 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। हालांकि, फैसले के खिलाफ सत्र न्यायालय में अपील दायर की गई थी, लेकिन सुनवाई के दौरान आरोपी के अदालत में उपस्थित न होने पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए गैर-जमानती वारंट जारी कर (शेष पृष्ठ सात पर)

# दिव्यांशु हत्याकांड को लेकर महापंचायत में गरजे राकेश टिकैत

देहरादून। दिव्यांशु हत्याकांड के विरोध में शुक्रवार को भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के नेतृत्व में महापंचायत की गई। इससे पहले भाकियू की ओर से घोषित महापंचायत के लिए पुलिस-प्रशासन की टीम आशारोड़ी चेकपोस्ट पर तैनात रही। यहां पर दिनभर चले विरोध प्रदर्शन के बाद शाम को भाकियू की ओर से 12 सदस्यीय कमेटी ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की। इस दौरान राकेश टिकैत ने दिव्यांशु हत्याकांड में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई के साथ नशे पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की। इस पर सीएम ने मामले में ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, करीब 10 बजे से ही आशारोड़ी चेक पोस्ट परिसर में किसानों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। करीब 12 बजे पहुंचे टिकैत ने सबसे पहले मृतक छात्र दिव्यांशु को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उत्तराखंड में बढ़ते अपराध और नशे पर जमकर हमला बोला। साथ ही शासन- प्रशासन और सरकार को आड़े हाथों लिया। किसानों की महापंचायत में जुटी भीड़ की सूचना के बाद एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल मौके पर पहुंचे और टिकैत संग भाकियू पदाधिकारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शनकारी सीएम से मिलने की मांग पर अड़े रहे। एसएसपी ने सीएम से वार्ता कराने का भरोसा दिलाया तो भाकियू की ओर से टिकैत के नेतृत्व में 12 सदस्यीय कमेटी गठित की गई जो दिव्यांशु हत्याकांड में न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। दिनभर चली महापंचायत के बाद देर शाम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भाकियू के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई। सीएम की ओर से दिव्यांशु हत्याकांड में ठोस कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन स्थगित कर दिया। पंचायत के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने आश्वासन दिया कि दिव्यांशु हत्याकांड में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपियों के ऊपर 50-50 हजार इनाम घोषित किया जाएगा। साथ ही आरोपियों के घर की कुर्की भी कराई जाएगी। दिव्यांशु हत्याकांड में कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए डोबाल ने कहा कि पुलिस जांच में जो भी आरोपी सामने आए हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभी तक कई गिरफ्तारी हो चुकी है। पकड़ से बाहर आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम है। इस इनाम को 50-50 हजार रुपये करने के लिए फाइल भेजी जा रही है। आरोपियों के गैर जमानती वारंट भी लिए जा चुके हैं। अगला कदम उनके घरों की कुर्की होगी।



## दून शिक्षा का हब है,अपराध और नशाखोरी के लिए पुलिस जिम्मेदार

देहरादून। जब हमारे बच्चे ही सुरक्षित नहीं होंगे तो उनको उत्तराखंड में पढ़ाकर क्या फायदा। हम अपने बच्चों को कही और पढ़ा लेंगे। अगर हम यहां की अच्छी पढ़ाई का प्रचार कर सकते हैं तो यहां की बुराई का भी करेंगे। यह कहना है भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का, जो शुक्रवार को दिव्यांशु हत्याकांड के विरोध में महापंचायत के लिए देहरादून पहुंचे थे। देहरादून में बढ़ते अपराध और नशाखोरी के लिए उन्होंने पुलिस-प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटक भी तभी आएंगे, जब यहां सुरक्षा और बेहतर माहौल होगा। उन्होंने कहा कि दून शिक्षा का हब है, इसलिए यहां देशभर से बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। अभिभावक चाहते हैं कि उनका बच्चा पढ़ लिखकर नाम रोशन करे। इसके विपरीत उत्तराखंड में अपराध और नशे का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में अभिभावकों को सोचना पड़ेगा कि बच्चों को कैसे यहां पढ़ाएं। श्रद्धांजलि सभा और किसान महापंचायत के दौरान चौधरी राकेश टिकैत ने कानून व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और पुलिस की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारे यूपी में भी देवभूमि के रहने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं, जहां बदमाश जान बचाकर भागते हैं। ऐसा ही मॉडल उत्तराखंड में भी लागू हो ताकि असामाजिक तत्वों में कानून का डर पैदा हो।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2017 में हाईस्कूल (अनुक्रमांक- 5422932) एवं वर्ष 2019 में इण्टरमीडिएट (अनुक्रमांक 5915027) की परीक्षा आर.पी.एस. पब्लिक स्कूल रुद्रपुर जिला ऊधम सिंह नगर उत्तराखण्ड से [illegible] स्नातकोत्तर परीक्षाओं के रूप में उत्तीर्ण की थी, जिसके Grade Sheet Cum Certificate एवं Migration Certificate एवं वर्ष 2025 में एम.बी.बी.एस(EnrollmentNo.TMD 2001143) की परीक्षा तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेंटर, मुरादाबाद, [illegible] मुरादाबाद-244001 से संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण की थी, के प्रथम, द्वितीय,तृतीय व चतुर्थ वर्ष के Marksheet (Statement of Marks) आदि [illegible] दिनांक 30.03.2026 [illegible] कहीं गिर गए हैं जो कि काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिले।
[illegible]
निवासी-A/159 आवास विकास, रुद्रपुर,
जिला-ऊधम सिंह नगर,
उत्तराखण्ड-263153

## संदिग्ध परिस्थितियों में बालक लापता

किच्छा। शारीरिक रूप से विकलांग की 12 वर्षीय बालक विगत कई दिनों से लापता है जिसके लापता होने की सूचना किच्छा कोतवाली में दी गई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार किच्छा निवासी चंदन नाम का बालक शुक्रवार की सुबह किच्छा रेलवे स्टेशन से लालकुआं जाने वाली ट्रेन से गया है जबकि कई बार ये ऐसा कर चुका है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि जिस किसी को भी चंदन के संबंध में जानकारी प्राप्त हो शिक्षा कोतवाली में सूचना दे चंदन पैरों से विकलांग है और सुनता भी कम है बोलता भी तुतलाता है कपड़े गुलाबी और सफेद रंग की शर्ट और कपड़े की पेंट नीले रंग की पहने हुआ है उम्र 13वर्ष है।



## तुलाज इंस्टीट्यूट देहरादून के वाइस चेयरमैन रौनक जैन ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से नि से आज लोक भवन में तुलाज इंस्टीट्यूट देहरादून के वाइस चेयरमैन रौनक जैन ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल के समक्ष उत्तराखंड में प्रस्तावित विश्व स्तरीय शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया। इन प्रस्तावित शिक्षण संस्थानों में समेकित स्वास्थ्य शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित आधुनिक शिक्षण प्रणाली तथा विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर विशेष बल दिया गया है। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के नवाचारपूर्ण शैक्षणिक संस्थान राज्य को शिक्षा, शोध एवं रोजगार के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेंगे तथा उत्तराखंड को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होंगे। इस मुलाकात के दौरान राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और तकनीक आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



## उप सेना प्रमुख और मुख्यमंत्री के बीच सामरिक विषयों पर हुई चर्चा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उप सेना प्रमुख रणनीति लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के मध्य विभिन्न समसामयिक एवं सामरिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे सीमावर्ती राज्य में विकास, आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेना का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार और भारतीय सेना के बीच बेहतर समन्वय से राज्य के विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। इस दौरान सैन्य और नागरिक प्रशासन के बीच आपसी सहयोग को और मजबूत करने पर भी विचार साझा किए गए।



## ब्रिगेडियर हत्याकांड दो फरार आरोपी दबोचे, एक को लगी गोली

देहरादून (उद संवाददाता)। थाना राजपुर क्षेत्र के अंतर्गत रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी मर्डर केस में फरार चल रहे दो मुख्य आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल और एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात पुलिस को जोहड़ी गांव के पास ब्रिगेडियर की हत्या में शामिल संदिग्ध बदमाशों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया, तो गुनियाल गांव के जंगल के पास एक बदमाश को दबोच लिया गया। वहीं, दूसरे बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय मोहम्मद कावीश हुसैन त्यागी निवासी मुजफ्फरनगर और 21 वर्षीय शांतनु त्यागी निवासी सहारनपुर के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि 29 मार्च की देर रात ये आरोपी कुठालगेट स्थित एक रेस्टोरेंट पहुंचे थे, जहां 40 हजार रुपये के बिल को लेकर इनका स्टाफ के साथ विवाद और मारपीट हुई थी। विवाद के बाद 30 मार्च की सुबह आरोपी बार स्टाफ की फॉर्च्यूनर का पीछा करते हुए जोहड़ी गांव पहुंचे और चलती कार से फायरिंग कर दी। इस दौरान सड़क पर सैर कर रहे रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी के सीने में गोली लग गई, जिससे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि इस सनसनीखेज हत्याकांड में अब तक कुल 9 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इससे पहले भी पुलिस सात आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है और ऐसे मामलों में कड़ी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए हैं।



## दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प

काशीपुर। बच्चों के बीच हुआ विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों की ओर से मारपीट और धारदार हथियारों से हमले के आरोप लगाते हुए पुलिस ने क्रॉस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दभौरा मुस्तहकम, ग्राम परमानन्दपुर निवासी तारूख पुत्र नफीस अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2 अप्रैल 2026 की रात करीब 8 बजे एक चार वर्षीय बच्चे के साथ मोहल्ले के अन्य बच्चों द्वारा कथित अमानवीय व्यवहार किए जाने की शिकायत पर परिजन आरोपियों के घर पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद जमशेद पुत्र शौकीन शाह ने गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते जमशेद, जावेद, जीशान, जुनल, मो. रफी समेत अन्य लोग तलवार, हंसिया व चाकू जैसे धारदार हथियार लेकर बाहर आ गए और हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे नूर मोहम्मद, वाजिद, कासिम व नासिर पर भी जानलेवा हमला किया गया, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावर मौके से फरार होते समय जान से मारने की धमकी भी देते गए। पुलिस ने इस मामले में नामजद आरोपियों समेत चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दभौरा मुस्तहकम, ग्राम परमानंदपुर निवासी जावेद आलम पुत्र शौकीन ने आरोप लगाया कि बच्चों के विवाद को शांत कराने पहुंची उनके भाई जमशेद आलम की पत्नी के साथ कासिम पुत्र रहीश अहमद ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और अपने परिजनों को बुला लिया। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और लाठी-डंडों व धरदार हथियारों से हमला किया गया। पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर कासिम, रहीश, शफीक, अब्बास, वाजिद और अनिल के खिलाफ भी संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सीएम 9 को खटीमा में करेंगे सीएसडी कैंटीन का उद्घाटन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आगामी 9 अप्रैल को ब्लॉक खटीमा के ग्राम खेतलसांडा खाम में नवनिर्मित सीएसडी कैंटीन एवं सैनिक सम्मान समारोह का शुभारम्भ किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सेवानिर्वत कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी ने बताया कि इस अवसर पर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के कई मंत्रीगण, सेना के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, विधायकगण, जिलाधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी, वीरनारियों सहित पूर्व सैनिक प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जनपद नैनीताल, चम्पावत व ऊधमसिंहनगर की वीरनारियों को मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने समस्त पूर्व सैनिकों, वीरनारियों व आश्रितों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। वहीं प्रशासन सीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों की रूपरेखा तैयार कर रहा है।

## सिटी मॉडल इंटर कॉलेज के बच्चों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

गदरपुर। सिटी मॉडल इण्टर कॉलेज का वर्ष 2025-26 गृह परीक्षाफल बड़े ही उल्लास पूर्ण वातावरण में घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सतीश बत्रा, पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर एंव समाजसेवी मोहन लाल अरोरा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्राथमिक वर्ग में कक्षा एल.के.जी.में सृष्टि, कक्षा यू.के. जी. में रिया,कक्षा 1 में नैतिक पाल,कक्षा 2 मे अंकित,कक्षा 3 मे सर्वश दिवाकर,कक्षा 4 मे ऋषि पाल, कक्षा 5 में अभि,कक्षा 6 मे कु0 लिपिका,कक्षा 7 मे कु० उन्वा नूर,कक्षा 8 में कु० अंशिका, कक्षा 9 मे कु० खुशप्रीत,कक्षा 11 में विज्ञान वर्ग में अयान, वाणिज्य वर्ग में दक्ष बजाज एवं मानविकी वर्ग मे कु० मंजु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी मेधावी छात्र छात्राओं को आगन्तुक गणमान्य व्यक्तियों एवं अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सतीश बत्रा,पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर,अध्यापक अध्यापिकाओ एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियो ने सफल छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावको को हार्दिक बधाई देकर उनके सफलतम एवं यशस्वी जीवन की कामना की।



# कांग्रेस में सुरक्षित है सर्वसमाज का हित : ठुकराल

## पूर्व विधायक का ग्राम मुकंदपुर में सिख समाज ने किया भव्य स्वागत

रूद्रपुर। कांग्रेस में शामिल होने के बाद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। ग्रामसभा बरी राई के ग्राम मुकंदपुर में सिख समाज के लोगों ने फूल मालाओं के साथ ठुकराल का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में ठुकराल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि वे अपने समर्थकों और निष्ठावान कार्यकर्ताओं के दम पर आगामी चुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों से अब जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है और प्रदेश में आने वाला समय निश्चित रूप से कांग्रेस का है। ठुकराल ने कहा कि कांग्रेस वर्ष 2027 के चुनाव में भाजपा सरकार का तख्ता पलट करेगी और भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली से हर वर्ग निराश है और



जनता इस सरकार को सत्ता से उखाड़ने के लिए सही समय का इंतजार कर रही है। ठुकराल ने कहा कि सर्वसमाज के हित केवल कांग्रेस पार्टी में ही सुरक्षित हैं, क्योंकि कांग्रेस हमेशा से विकास और भाईचारे की राजनीति करती आई है। उन्होंने उपस्थित सभी समर्थकों से चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहे हैं और कांग्रेस के बैनर तले इस लड़ाई को और मजबूती से लड़ा जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और सिख समाज के प्रबुद्ध जन मौजूद रहे। स्वागत करने वालों में करनैल सिंह बठला, ऋषिपाल सिंह, देवा सिंह, चौधरी योगेन्द्र सिंह, गुरदीप सिंह बठला, चौधरी देवेन्द्र सिंह, परमजीत सिंह, कुलदीप सिंह बरार, अमनदीप सिंह बठला, सुक्खा भुसरी, जगजीत सिंह, निशान सिंह, जसमीमत सिंह, साहब सिंह, हरेन्द्र सिंह चौधरी, गुरबक्श सिंह, सोनू, सादिक अली, जसपाल बठला, हरशाद अली, इशाक अली, प्रीतम सिंह बेदी, जरनैल् सिंह बठला, युसूफ अली, सुरजीत बेदी, ललित बिष्ट, सोनी बठला, सुखविंदर बठला, आनंद शर्मा और केरू मण्डल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में ठुकराल को अपना पूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिलाया।

# सामुदायिक भवन की घोषणा पूरी नहीं किए जाने पर रोष

गदरपुर । नैनीताल उधम सिंह नगर के सांसद अजय भट्ट पर क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाते हुए एक पत्रकार वार्ता की गई । पत्रकार वार्ता के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सकैनिया के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान सतनाम कंबोज एवं सिद्धार्थ अरोरा ने कहा कि माननीय सांसद द्वारा 10 जनवरी 2024 को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सकैनिया की बैठक में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए सांसद निधि से छ300000 देने की घोषणा की थी,2 वर्ष बीतने के बाद भी बजट नहीं दिया गया उन्होंने बताया कि कई बार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी गुरुद्वारे के सामुदायिक भवन का निर्माण कराने की घोषणा को पूर्ण नहीं किया गया । इस मौके पर ग्रंथी सुरेंद्र सिंह,सिद्धार्थ अरोरा,महेंद्र पाल,रमेश कंबोज,पूरन चंद कंबोज, देशराज कंबोज आदि थे।



# अब सिलिंडर के साथ ही पर्ची लेकर आएगी गाड़ी

नैनीताल। नैनीताल जिले में रसोई गैस की किल्लत के बीच इंडेन गैस एजेंसी के लिए नई व्यवस्था की गई है। सिलिंडर की डिलीवरी करने वाले वाहन में अब जितने सिलिंडर रखे होंगे उतनी ही पर्चियां भी दी जाएंगी। यानि पहले बुकिंग कराने वाले को ही सिलिंडर दिया जाएगा। नैनीताल जिले में करीब 3.50 लाख उपभोक्ता हैं। 16 से अधिक एजेंसियों के माध्यम से उन्हें गैस की डिलीवरी की जा रही है। अभी रसोई गैस का बैकलॉग 25 हजार के आसपास चल रहा है जबकि केवल हल्द्वानी के सरस मार्केट स्थित इंडेन एजेंसी का ही एक दिन में सात हजार का बैकलॉग है। एजेंसी से जुड़े उपभोक्ता गैस के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं लेकिन 10 दिन से अधिक समय से बुकिंग कराने वाले लोगों को सिलिंडर नहीं मिल पा रहा है। शुक्रवार को गुड फ्राइडे के अवकाश के बावजूद गैस एजेंसियां खुली रहीं और लोग सिलिंडर पाने के लिए मशक्कत करते नजर आए। नीलियम कॉलोनी इलाके में इंडेन की गैस की गाड़ी का लोग इंतजार करते रहे लेकिन सिलिंडर नहीं मिला। लोगों के मुताबिक होम डिलीवरी वाले ठेकेदार के कर्मी मनमानी कर सिलिंडर बांट रहे हैं।

# बाजपुर में भाजपा का प्रशिक्षण महा अभियान आयोजित

बाजपुर। भारतीय जनता पार्टी बाजपुर नगर मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नरेश हुड़िया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक मजबूती एवं जनसेवा के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता मेजर सिंह ने की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव, वर्ग संयोजक अनीता शर्मा, सह-संयोजक शुभम पांडे एवं सूरज सागर, महामंत्री संदीप गुप्ता व संदीप चौहान तथा एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष यशपाल राजहंस विशेष रूप से उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता नरेश गुड़िया ने अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांतों को आत्मसात करने पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनकी सहभागिता ने आयोजन को सफल बनाया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



# श्री शिव शक्ति दुर्गा मंदिर के 8वें वार्षिक उत्सव पर निकली भव्य कलश यात्रा





सितारगंज। वार्ड नंबर 5 स्थित श्री शिव शक्ति दुर्गा मंदिर के 8वें वार्षिक उत्सव का शनिवार को भक्तिमय माहौल में भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित कलश यात्रा और धार्मिक अनुष्ठानों ने पूरे क्षेत्र को श्रद्धा के सागर में सराबोर कर दिया। उत्सव के प्रथम दिन प्रात: काल में भगवान गणेश का विधि-विधान से पूजन किया गया, जिसके पश्चात महादेव का भव्य रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। मुख्य यजमान भाजपा जिलाध्यक्ष (ओबीसी मोर्चा) एवं सभासद रवि रस्तोगी व उनकी धर्मपत्नी सरोज रस्तोगी ने विद्वान पंडित दिनेश भट्ट के सानिध्य में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।पूजन के उपरांत भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पारंपरिक और सांस्कृतिक वेशभूषा में सुसज्जित महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर मां दुर्गा और भोलेनाथ के जयकारे लगाती हुई आगे बढ़ीं। यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर खटीमा रोड स्थित मोनी बाबा मंदिर पहुँची, जहाँ श्रद्धालुओं ने पवित्र जल भरा। इसके पश्चात यात्रा पुन: मंदिर मार्ग से होते हुए श्री शिव शक्ति दुर्गा मंदिर पहुँचकर संपन्न हुई। मंदिर समिति ने बताया कि उत्सव की इसी कड़ी में आज शनिवार रात्रि को मंदिर परिसर में भव्य कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय भजन मंडलियों द्वारा माता रानी और भोलेनाथ का गुणगान किया जाएगा। धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से ओमप्रकाश रस्तोगी, रुक्मिणी रस्तोगी, दुर्गा प्रसाद, अनिल रस्तोगी, रमन चंद्रा, सुभाष चंद्रा, मनोज रस्तोगी, हरीश रस्तोगी, अमरनाथ, अमन रस्तोगी, सुरेखा रस्तोगी, शीतल चंद्रा, अमृता रस्तोगी, प्रेम लता बर्मा, सरोज अधिकारी, लता भट्ट, सुनीता भट्ट एवं लक्ष्मी रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी और मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित रहे। **रविवार को हवन और विशाल भंडारा :** कल 5 अप्रैल को प्रात: 8:00 बजे से महायज्ञ एवं हवन का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर 12:00 बजे से प्रभु की इच्छा तक विशाल भंडारे का आयोजन होगा। समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

# भागवत कथा के श्रवण से मिलता है आत्मिक शांति का मार्ग: ठुकराल

रूद्रपुर। पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने हंस विहार फेस-2 स्थित मनोकामना मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने भक्तिभाव से कथा श्रवण किया और व्यास गद्दी पर विराजमान कथा वाचक विवेकानंद जोशी से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के आयोजकों ने राजकुमार ठुकराल का स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ठुकराल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक



अनुष्ठान समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को आत्मिक शांति व जीवन का सही मार्ग प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है। ठुकराल ने मंदिर समिति और स्थानीय निवासियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय नारायण सिंह, मंदिर समिति के अध्यक्ष के एस बिष्ट, आवासीय सोसायटी के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह कठायत, सुरेन्द्र कपकोटी, रमेश चन्द्र ओली, संजय अधिकारी, गोपाल सिंह राणा, दिनेश सिंह नेगी, पूरन चन्द्र नेगी, पूरन चन्द्र पंत, राम सिंह कुंवर, भुवन सिंह बिष्ट, चन्द्रमोहन नेगी, राकेश कुमार शर्मा, रमेश चन्द्र, दयाल सिंह मनराल, बहादुर सिंह, मिंटू शर्मा, विरेन्द्र सिंह बिष्ट, ललित सिंह बोरा, भूपाल दत्त पंत और केरू मण्डल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की क्रॉप कटिंग, किसानों को फसल बीमा की दी सलाह

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने शनिवार को हल्द्वानी तहसील के अंतर्गत ग्राम हरिपुरा तुलाराम राजस्व गांव में रबी की फसल के अंतर्गत क्रॉप कटिंग प्रयोग संपन्न कराया। इस प्रक्रिया के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं खेत में उतरकर फसल कटाई का अवलोकन किया और पैदावार की गुणवत्ता को परखा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि क्रॉप कटिंग के प्रयोग के आधार पर ही जिले में फसलों की औसत उपज, कुल उत्पादन और उत्पादकता के महत्वपूर्ण आंकड़े तैयार किए जाते हैं।जिलाधिकारी द्वारा किसान नागेंद्र सिंह पुत्र गोपाल सिंह के खेत में 43.3 वर्ग मीटर के प्लाट पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के मानकों के अनुसार फसल कटाई का प्रयोग पूर्ण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय किसानों से चर्चा कर उनके द्वारा उगाई जा रही विभिन्न फसलों और खेती में आ रही चुनौतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कृषकों को



प्राकृतिक आपदा या अन्य कारणों से होने वाली फसल क्षति से बचने के लिए अनिवार्य रूप से फसल बीमा कराने का परामर्श दिया, ताकि भविष्य में होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई की जा सके।मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग का कार्य पूर्ण पारदर्शिता और निर्धारित वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप ही संपादित किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस प्रक्रिया के माध्यम से प्रति हेक्टेयर उपज का जो सटीक आकलन प्राप्त होता है, वही शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण, खाद्यान्न खरीद की नीति बनाने और विभिन्न कृषि कल्याणकारी योजनाओं के संचालन में मुख्य आधार बनता है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों के बीमा दावों के निपटारे के लिए भी यही आंकड़े प्रभावी होते हैं।इस अवसर पर तहसीलदार कुलदीप पाण्डे, कानूनगो बृजेश कुमार, राजस्व उप निरीक्षक अरुण वर्मा, अपर सांख्यिकी अधिकारी महेन्द्र सिंह डांगी, मीना नेगी और बीमा कंपनी एजेंट हेम सिंह नेगी सहित राजस्व एवं कृषि विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित किया कि जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी निर्धारित समय सीमा के भीतर क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए।

# खुर्पाताल में होटल स्वामियों द्वारा किया गया अवैध अतिक्रमण ध्वस्त

नैनीताल (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत के निर्देशों के बाद जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने खुर्पाताल क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। विगत दिनों क्षेत्र के भ्रमण के दौरान आयुक्त द्वारा प्राधिकरण की भूमि पर पाए गए अवैध कब्जों को तत्काल हटाने के निर्देश सचिव जिला विकास प्राधिकरण को दिए गए थे। इसी क्रम में सचिव विजय नाथ शुक्ल के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार और शुक्रवार को लगातार अभियान चलाकर चार होटल स्वामियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को पूरी तरह हटा दिया है।सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल ने बताया कि खुर्पाताल क्षेत्र में प्राधिकरण की बेशकीमती भूमि पर क्षेत्र के चार प्रमुख होटलों द्वारा अवैध निर्माण और कब्जा किया गया था। इस पर कार्यवाही करते हुए गुरुवार को अभियान शुरू किया गया था, जिसके बाद शेष बचे हुए अतिक्रमण को शुक्रवार को दूसरे दिन की कार्यवाही में पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। प्राधिकरण की भूमि को अब कब्जे से मुक्त करा लिया गया है और भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो, इसके लिए उक्त भूमि की विधिवत घेराबंदी भी की जा रही है।प्राधिकरण सचिव ने स्पष्ट किया कि जिले में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित जो भी शिकायतें प्राप्त होंगी, उन पर तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण और सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन और प्राधिकरण का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग और पुलिस बल की मौजूदगी में पूरी पारदर्शिता के साथ ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया संपन्न की गई।



# स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर अजय गणपति के निर्देशन में जनपद को नशा मुक्त बनाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नशे के विरुद्ध जारी एक माह के इस विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस ने काशीपुर और झनकईया क्षेत्र से स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2 लाख 36 हजार रुपए आंकी गई है।जनपद भर में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत चलाए जा रहे इस अभियान में 2 अप्रैल 2026 को पुलिस टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों की बरामदगी करते हुए कुल 02 मुकदमे पंजीकृत किए और दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्यवाही के विवरण के अनुसार, थाना काशीपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को दबोचा, जिसके कब्जे से 4.45 ग्राम स्मैक बरामद हुई। वहीं, दूसरी ओर थाना झनकईया पुलिस ने एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 3.44 ग्राम स्मैक बरामद की। अभियान के दौरान अब तक कुल 7.89 ग्राम स्मैक पुलिस द्वारा जब्त की जा चुकी है। एसएसपी अजय गणपति ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और यह अभियान पूरे माह सख्ती से जारी रहेगा।





# हरिनाम की गूंज से गुंजायमान हुआ बंगाली कालोनी का शनिदेव मंदिर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हर वर्षो की भांति इस वर्ष भी कार्तिक मंडल, देबू मंडल एवं समस्त आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी वासियों द्वारा श्री श्री शनि देव महाराज जी की वार्षिक पूजा कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें नेताजी नगर की राधारानी संप्रदाय संकीर्तन मंडली, धर्म नगर की शांति गोपाल संप्रदाय कीर्तन मंडली, दिल्ली की श्रीराम संप्रदाय कीर्तन मंडली, पिपलिया नंबर एक की शांति हरि संप्रदाय कीर्तन मंडली व पिपलिया नंबर दो की राधा रमन संप्रदाय कीर्तन मंडली क्रमवार हरि नाम का कीर्तन कर रही हैं जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। आज प्रात: पंडित शंकर चक्रवर्ती द्वारा श्री श्री शनिदेव महाराज जी की विधि विधान से की गई पूजा अर्चना की गई। प्रात: 11 बजे से भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा निर्माण व वितरण में दुलाल बैरागी, भुवन राय, संजु दास, शंकर दास, गोविन्द राय, बुद्धू मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गुनघात गुहा, सुनील राय, रंजन समद्दार, नरेश पाल, विवेक दस्त, सुभाष मंडल, बाबू दास, रंजन मजुमदार, सोनू तरफदार, गोकुल राय, नारायण पाल, शशांक राय आदि ने सहयोग किया। अष्टम पहर महानाम संकीर्तन का कल रविवार को प्रात: 6 बजे विश्राम किया जाएगा। सायं संध्या आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कार्तिक मंडल, देबू मंडल, पारूल मंडल, चौताली मंडल, माधवी मंडल, गोविन्द राय, पार्षद सरो राय, उत्तम अधिकारी, गणेश सरकार, हृदय मंडल, श्रुति मंडल, प्रीति मंडल, त्रप्ति मंडल, खोकन मंडल, लक्ष्मी मंडल, रविन्द्र धर, डा. सुजीत मित्रा, समीर बवाली, प्रशांत राय, शरद राय, किशन राय, सरस्वती, ज्योत्स्ना विश्वास, अर्चना, सीमा वर्मन, ममता वर्मन, कमला वर्मन, कल्पना मल्लिक, सुमन, जमुना राय, अनीता राय, कल्पना मंडल, सुपमा राय, श्यामल राय, कनि मंडल, अमित सरकार, विष्णुसरकार, दीपांकर साना, असीम सरकार, तपन सरकार, मधु सरकार, शशांक चक्रवर्ती, मुदित सरकार, गोबिंद सरकार, शिप्रा राय, सविता, सीमा पाल, संजना समददार, रेखा देवी, आराही दास, भुवन मजूमदार, अनिल मंडल, सुमन सरकार, गोपाल, प्रहलाद, विष्णु मंडल, रतना पाल, साक्षी, प्रिया , अनीता , सावित्री वर्मन, बोनी मंडल, मधु सरकार, शांति वैद्य, दीपा मंडल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।








# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी सुब्रत कुमार विश्वास ने प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा के नाम पर की जा रही धांधली को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों का शोषण तुरंत बंद नहीं किया गया, तो बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न प्राइवेट स्कूलों में प्रबंधन द्वारा चिन्हित दुकानों से ही किताबें, ड्रेस और अन्य सामान खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जा रहा है, जिससे परिवारों पर भारी आर्थिक दबाव पड़ रहा है। एनसीईआरटी किताबों को नजरअंदाज कर महंगी प्राइवेट किताबें थोपना और ब्लैकमेलिंग करना सीधे तौर पर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। एडमिशन सत्र के बीच रुद्रपुर के कल्याणपुर, रुद्रपुर सिटी और आसपास के इलाकों में दर्जनों प्राइवेट स्कूलों ने अभिभावकों को फंसाने का नया तरीका अपनाया है। स्कूल प्रबंधन द्वारा लेटर जारी कर कहा जा रहा है कि केवल निर्धारित दुकानों से ही किताबें और यूनिफॉर्म लें, अन्यथा बच्चे को कक्षा में प्रवेश नहीं मिलेगा। इन दुकानों पर किताबों के दाम बाजार से दोगुने वसूले जा रहे हैं, जहां कक्षा 1 का सेट 12 से 15 हजार रुपये और ड्रेस का एक सेट 2 से 3 हजार रुपये में दिया जा रहा है।

# विस्थापित गांवों में भूमि बंदोबस्त कार्यों की एडीएम ने की समीक्षा

रामनगर (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व नैनीताल शैलेंद्र सिंह नेगी द्वारा तहसील रामनगर के नया लालढांग तथा नया झिरना गांव में गतिमान बंदोबस्त कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने राजस्व और बंदोबस्त विभाग की संयुक्त टीम के साथ मौके पर जाकर अभिलेख संक्रियाओं की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि ग्राम लालढांग तथा झिरना के ग्रामीणों को राजस्व एवं वन विभाग द्वारा आपसी भूमि विनिमय के तहत वर्ष 1994 में तत्कालीन राजस्व ग्रामों से शिफ्ट कर रामनगर काशीपुर मार्ग से लगी वन भूमि में विस्थापित किया गया था। वर्तमान में उत्तर प्रदेश भूमि व्यवस्था अधिनियम 1901 की धारा 48 से 60 के अंतर्गत इन क्षेत्रों में सर्वेक्षण और अभिलेख तैयार करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।निरीक्षण के दौरान सर्वे नायब तहसीलदार द्वारा जानकारी दी गई कि तहसील रामनगर के ग्राम लेटी, चोपड़ा, रामपुर तथा ढिकुली के साथ ही तहसील हल्द्वानी के ग्राम जवाहर ज्योति दमुआढूंगा में भी बंदोबस्त की कार्यवाही गतिमान है। अपर जिलाधिकारी ने बंदोबस्त विभाग के कार्मिकों को निर्देशित किया कि अभिलेख संक्रिया के कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि विस्थापित ग्रामीणों को जल्द लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने सर्वेक्षण के दौरान आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों के तत्काल निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस अवसर पर तहसीलदार रामनगर मनीषा मारकाना, राजस्व उप निरीक्षक निर्मला, सर्वे नायब तहसीलदार अनिल कुमार श्रीवास्तव, सर्वे कानूनगो संतोष कुमार श्रीवास्तव, सर्वे लेखपाल पंकज रावत और विनोद कुमार सहित अन्य राजस्व कर्मी उपस्थित रहे। एडीएम ने स्पष्ट किया कि बंदोबस्त की प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करना प्रशासन की प्राथमिकता है।



# एलायंस कॉलोनी में पटियाला की युवती से दुष्कर्म

**पंजाब में दर्ज जीरो एफआईआर रुद्रपुर ट्रांसफर**

रुद्रपुर। पटियाला निवासी एक युवती से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पंजाब में दर्ज जीरो एफआईआर के आधार पर केस को रुद्रपुर ट्रांसफर किया गया, जिसके बाद कोतवाली रुद्रपुर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार, युवती की पहचान साहिल और गौरव नामक युवकों से हुई थी, जो वीजा एजेंट का काम करते हैं। आरोप है कि दोनों ने युवती को विदेश में पढ़ाई के नाम पर झांसे में लिया और उससे करीब 54 लाख रुपये ठग लिए। युवती को दुबई बुलाया गया, जहां उससे गैंगरेप का आरोप है। इसके बाद उसे रुद्रपुर लाया गया, जहां एलायंस कॉलोनी स्थित एक किराए के फ्लैट में छह दिन तक रखा गया और दुष्कर्म किया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि दिल्ली में भी उसके साथ मारपीट, धमकी और पैसे के लिए दबाव बनाया गया। पुलिस के अनुसार, मामले के विभिन्न पहलुओंख्र दुबई, दिल्ली और रुद्रपुरख्रकी जांच की जा रही है। दो दिन पूर्व युवती का मेडिकल परीक्षण कराया गया और उसके बयान दर्ज किए गए हैं। मामले की जांच एसआई नेहा राणा को सौंपी गई है, जबकि पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी साहिल का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वह पहले तिहाड़ जेल जा चुका है। वहीं गौरव का हरिद्वार में कारोबार होने की जानकारी मिली है। मामले में पंजाब पुलिस की प्रारंभिक कार्रवाई पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि शुरुआत में केवल छेड़छाड़ और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया, जबकि युवती ने दुबई में गैंगरेप जैसे गंभीर आरोप भी लगाए थे। एसएसपी उधमसिंह नगर अभय गणपति ने बताया कि जीरो एफआईआर के आधार पर रुद्रपुर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवती का मेडिकल परीक्षण कराकर बयान दर्ज किए गए हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें सक्रिय हैं।

# शुभम गौड़ चंपावत और राजीव गुप्ता जिला महामंत्री नियुक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस महासंघ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने संगठन का विस्तार करते हुए चंपावत जिले की नई कमान सौंपी है। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शुभम गौड़ को चंपावत जिला अध्यक्ष और राजीव गुप्ता को जिला महामंत्री के महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने बताया कि तहसील टनकपुर अध्यक्ष के रूप में शुभम गौड़ के शानदार कार्यों को देखते हुए अनुभवी और निष्ठावान साथियों के साथ विचार विमर्श के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में टनकपुर तहसील में महत्वपूर्ण पदाधिकारी की प्रभावी भूमिका निभाने वाले राजीव गुप्ता को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि वे शीघ्र ही अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन कर सूची प्रदेश कार्यालय को प्रेषित करें। इन नियुक्तियों पर पत्रकार प्रेस महासंघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष परम पाल सुखीजा, प्रदेश महामंत्री जगदीश चंद्र, प्रदेश सचिव दीपक कुकरेजा, प्रदेश सचिव मोहम्मद यासीन और नैनीताल जिला अध्यक्ष उर्वा दत्त भट्ट ने हर्ष जताया है। इसके अलावा सितारगंज अध्यक्ष गुरदीप सिंह, खटीमा अध्यक्ष विकास शील और नानकमत्ता अध्यक्ष अनिल सागर सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की मजबूती की कामना की है।



# मैं तो आया तेरे दरबार बाबा बजरंगी...

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव

रूद्रपुर। गल्ला मण्डी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान सालासर बालाजी मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं श्री सालासर बालाजी महाराज विग्रह स्थापना दिवस का समापन भव्य दरबार और विशाल भंडारे के साथ हुआ। ब्रह्मलीन महंत रमेश वाधवा की प्रेरणा से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ 31 मार्च को बालाजी महाराज के चोला श्रृंगार के साथ किया गया था। उत्सव के दूसरे दिन 1 अप्रैल को शहर में भव्य पालकी शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। समापन अवसर पर मंदिर परिसर में सजे बाबा के दिव्य दरबार में हजारों भक्तों ने हाजिरी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। दरबार का शुभारंभ मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग, गगन वाधवा और अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से ज्योति प्रज्वलित कर किया। इस दौरान केक काटकर जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गईं और श्रद्धालु पूरी रात बाबा के भजनों पर झूमते नजर आए। भव्य दरबार में भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। गायक विजय सूरी ने श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं मनोज अरोरा ने तू सच्ची सरकार सालासर वाले और सर्वेश मौर्य ने वीर हनुमाना अति बलवाना जैसे भजनों से दरबार में भक्ति का संचार किया। अशोक राजपूत ने कलयुग में डंका बजता है, रजनीश यादव ने आपके श्री चरणों में उम्र कट जाये सारी और गगन वाधवा ने रखवाला प्रतिवाला मेरा लाल लंगोटे वाला व पहन के चोला लाल बालाजी मेरे घर आना भजनों के माध्यम से बाबा का गुणगान किया। दरबार में विशेष रूप से ब्रह्मलीन महंत रमेश वाधवा द्वारा गाए जाने वाले लोकप्रिय भजन मैं तो आया तेरे दरबार बाबा बजरंगी... की प्रस्तुति देकर उन्हें भावपूर्ण नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने फूलों की होली का भी आनंद लिया। मंदिर समिति द्वारा दरबार में पहुंचे सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस भव्य आयोजन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, नारायण दास अदलखा, अनिल शर्मा, मीना शर्मा, संजय जुनेजा, सुशील गाबा, सौरव राज बेहड़, हरीश अरोरा, मनोज अरोरा, मोहन खेड़ा, रजनीश ग्रोवर, प्रमोद मित्तल, राजेश ग्रोवर, नरेश शर्मा, विजय जगगा, जगदीश सुखीजा, राजकुमार भुसरी, पंकज सुखीजा, सुधीर अरोरा, दिलीप अरोरा, सन्नी घई, विजय सूरी, रौनिक नारंग, सौरभ गावा, सोनू अनेजा, विक्की पाल, पंडित चंद्रपाल शर्मा, पंडित मनीष शर्मा, विनीत जैन, राकेश शर्मा, अक्ष नारंग, शिवांश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अक्षय मित्तल, अजय फुटेला, सूरज सचदेवा, राजकुमार सीकरी, जतिन नागपाल, प्रियांशु गुप्ता, सर्वेश कुमार मौर्य, अर्जुन गुप्ता, अशोक राजपूत, सौरभ गवा, चंद्र सचदेवा, सूरज, रजनीश यादव, शीतल गाबा, अनु अरोरा, अंजू, आरती, डिम्पल, स्वाति गर्ग, शिवानी गर्ग, ज्योति गर्ग, मनीषा वाधवा, सीमा फुटेला, आरती सचदेवा, रितु वाधवा और अनु वाधवा सहित बड़ी संख्या में बाबा भक्तों ने माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।













## रोडवेज बस में तोड़फोड़ करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार




गदरपुर/रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री के भयमुक्त एवं अपराधमुक्त देवभूमि उत्तराखंड के संकल्प को साकार करने हेतु एसएसपी ऊधम सिंहनगर अजय गणपति एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। जनपद में अराजक तत्वों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति लागू करते हुए पुलिस ने ओवरटेकिंग विवाद में रोडवेज बस में तोड़फोड़ करने और चालक से मारपीट करने वाले चार अभियुक्तों को मात्र 24 घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी अजय गणपति ने कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि जिले में हुड़दंग और अराजकता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। घटना के विवरण के अनुसार, 1 अप्रैल 2026 को वादी शारदा शंकर पुत्र खड़क सेन शर्मा निवासी शारदा घाट, टनकपुर ने थाना गदरपुर में तहरीर दी थी। तहरीर में बताया गया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उत्तराखंड परिवहन की रोडवेज बस में तोड़फोड़ कर चालक के साथ मारपीट की गई, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। इस आधार पर थाना गदरपुर में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। एसएसपी के सख्त निर्देशों के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक अपराध काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक गदरपुर के नेतृत्व में टीम गठित की गई।पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 2 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना पर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वे घटना के दिन मोटरसाइकिल से घूमने निकले थे। शराब के नशे में गदरपुर लौटते समय रोडवेज बस द्वारा ओवरटेक किए जाने पर उनका विवाद हो गया। आवेश में आकर अभियुक्तों ने पहले बस को रोककर गाली गलौज व तोड़फोड़ की और फिर पीछा करते हुए केलाखेड़ा रत्नामडैया क्षेत्र में पुन: लाठी डंडों से बस को क्षतिग्रस्त किया। घटना के दौरान बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे, लेकिन सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुँचा है।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की दो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान हरजिन्दर सिंह पुत्र हरपाल सिंह, रिंकु सिंह पुत्र सरजीत सिंह, गोविन्द सिंह पुत्र कृपाल सिंह तीनों निवासी ग्राम खुशालपुर और अयान पुत्र महैन्दी हसन निवासी ग्राम सरोवर नगर के रूप में हुई है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, उपनिरीक्षक मोहन सिंह बोहरा, हेड कांस्टेबल चौतन्य सुयाल, कांस्टेबल जीवन फुलेरा, रवीन्द्र सिंह, मोहन बोहरा और राजेन्द्र सिंह बिष्ट शामिल रहे। पुलिस अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश दे रही है। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर पीडीपीपी एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई के साथ क्षतिपूर्ति भी सुनिश्चित की जाएगी।

## गायब नाबालिगों की बरामदगी को लेकर कोतवाल से मिली मीना शर्मा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र की राजा कॉलोनी से घर से गायब हुए दो नाबालिग बच्चों की अब तक बरामदगी न होने पर पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा ने ट्रांजिट कैंप थाने पहुंचकर एसएचओ मोहन चंद्र पांडे से मुलाकात की और मामले में त्वरित कार्यवाही की मांग की। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों राजा कॉलोनी क्षेत्र से एक नाबालिग लड़का और लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में घर से फरार हो गए थे। लंबा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस को अभी तक इन बच्चों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है, जिससे परिजनों और स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है। मीना शर्मा ने थाना प्रभारी से बच्चों की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित करने का आग्रह किया ताकि उनके परिवार को राहत मिल सके। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष ने पुलिस अधिकारियों से मामले की जांच में तेजी लाने और संभावित ठिकानों पर दबिश देने की बात कही। एसएचओ मोहन चंद्र पांडे ने उन्हें आश्वस्त किया कि पुलिस की टीमें सक्रियता से कार्य कर रही हैं और जल्द ही सफलता मिल जाएगी।



## बेकाबू कार ने सिविल लाइंस से नैनीताल हाईवे तक मचाया उत्पात

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बेकाबू कार ने विगत रात्रि सिविल लाइंस से लेकर नैनीताल हाईवे तक जमकर उत्पात मचाया। तेज रफ्तार कार ने पहले सिविल लाइन रोड पर एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद भी कार चालक ने गाड़ी नहीं रोकी, बल्कि भागने के प्रयास में बाइक को करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर बाइक घिसटने के कारण कार के नीचे से चिंगारियां निकल रही थीं, जिसे देखकर आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए और अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। इस अफरातफरी के बीच कुछ अन्य राहगीरों को भी मामूली चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना गुरूवार रात करीब 10 बजे बंसल ज्वेलर्स के पास हुई। इसके बाद अनियंत्रित कार चालक नैनीताल हाईवे की ओर भाग निकला और आवास विकास होते हुए श्याम टॉकीज रोड से किच्छा बाईपास की दिशा में तेजी से वाहन दौड़ाता रहा। भागने के प्रयास में कार का एक टायर फट गया, लेकिन सनकी चालक ने रिम पर ही कार दौड़ाना जारी रखा। अंतत: मोदी मैदान के पास कार छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। कुछ स्थानीय युवकों ने कार का पीछा किया और तत्काल पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लावारिस हालत में मिली कार को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार कार के शीशे भी क्षतिग्रस्त मिले हैं। आदर्श कॉलोनी चौकी इंचार्ज सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर गहन जांच शुरू कर दी गई है। घायल बाइक सवार की तहरीर मिलने पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## महापौर ने किया वेल्थब्लूम फाइनेंशियल सर्विसेज का उद्घाटन

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। नैनीताल रोड स्थित एमआरएफ टायर्स बिल्डिंग में वेल्थब्लूम फाइनेंशियल सर्विसेज का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे महापौर विकास शर्मा ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। महापौर ने प्रबंधन को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शहर में इस तरह की वित्तीय सेवाओं के विस्तार से स्थानीय निवेशकों को सही मार्गदर्शन और बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह संस्थान पारदर्शिता के साथ लोगों की जमा पूंजी को सुरक्षित निवेश की राह दिखाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान संस्था की डायरेक्टर ज्योति रावत ने महापौर विकास शर्मा सहित सभी गणमान्य अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने अपनी कार्ययोजना साझा करते हुए बताया कि वेल्थब्लूम के माध्यम से निवेशकों को अब एक ही छत के नीचे तमाम वित्तीय सेवाएं प्रदान की जाएंगी। ज्योति रावत ने जानकारी दी कि वे पिछले 12 वर्षों से निरंतर वित्तीय क्षेत्र में सक्रिय हैं और उनके अनुभव का लाभ वर्तमान में 2000 से अधिक संतुष्ट निवेशक उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह संस्था मुख्य रूप से म्यूचुअल फंड एआईएफ, पीएमएस के साथ-साथ सभी प्रकार के इंश्योरेंस और लोन संबंधी सेवाएं ग्राहकों को उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर सिडकुल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा, आईएमए की अध्यक्ष नीरजा पंत, संजय सिंघल, राजेश मिश्रा, नारायण हॉस्पिटल के एमडी डॉ. प्रदीप अदलखा, सीए अशोक सिंघल, कुशल अग्रवाल, गुरमीत सिंह, पार्षद चिराग कालरा, डॉ. मनोरंजन पंत, बिहारी लाल चोमवाल, विमल वर्मा, आभा नैथानी और अनिकेत टंडन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। सभी ने संस्थान की सफलता के लिए प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं। ज्योति रावत ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में बेहतर सेवा और विश्वसनीयता बनाए रखने का भरोसा दिलाया।





## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# चिकित्सीय लापरवाही

उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के फैजाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा प्रसव कराए जाने के बाद महिला और उसके नवजात शिशु की मौत की घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खबरों के मुताबिक, घटना के वक्त संबंधित डाक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं थीं और फोन पर ही कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दे रही थीं। सवाल है कि कोई भी चिकित्सक किसी मरीज या गर्भवती महिला की जान के साथ ऐसा खिलवाड़ कैसे कर सकता है? क्या किसी चिकित्सक को प्रसव के दौरान होने वाली जटिलता और जोखिम का अंदाजा नहीं होता?यह अत्यंत गंभीर लापरवाही है कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक की वैकल्पिक व्यवस्था के बिना ही फोन पर दिशा-निर्देश लेकर एक महिला का प्रसव कराया गया। विचित्र यह भी है कि जब संबंधित अस्पताल में कोई विशेषज्ञ डाक्टर मौजूद नहीं था, तो गर्भवती महिला को नियमानुसार किसी दूसरे अस्पताल में क्यों नहीं भेजा गया?गौरतलब है कि अस्पतालों में इस तरह नियम-कायदों को ताक पर रखकर मरीजों की जान जोखिम में डालने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। कई बार तो मरीज की जान तक चली जाती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति ही की जाती है।इस मामले में भी शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित निजी अस्पताल को सील कर दिया है और मृतका के परिजनों को जांच का आश्वासन दिया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच में लापरवाही साबित होने पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।सरकारी स्तर पर दावा किया जाता है कि देश में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में काफी प्रगति हुई है, लेकिन क्या फोन पर अप्रशिक्षित कर्मियों को दिशा-निर्देश देकर किसी महिला का प्रसव कराने के जोखिम को तरक्की कहा जा सकता है!असली प्रगति तो तभी होगी, जब आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ चिकित्सकों और उनके सहकर्मियों को अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदार, संवेदनशील और जवाबदेह बनाया जाएगा। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि फैजाबाद के मामले में निष्पक्ष एवं गहन जांच की जाएगी और लापरवाही बरतने के दोषियों को कानून के कठघरे में लाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के एक निजी अस्पताल में अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा प्रसव कराए जाने के बाद कथित चिकित्सीय लापरवाही के कारण एक महिला और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई। अधिकारियों एवं परिवार के सदस्यों ने यह जानकारी दी। महिला के परिवार के सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि प्रसव के दौरान डॉक्टर अस्पताल में नहीं थी और उसने फोन पर ही सारे दिशानिर्देश कर्मचारियों को दिए।

# किशोरी को भगा ले गया युवक

काशीपुर। एक व्यक्ति ने उसकी नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। ग्राम परमानन्दपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 31 मार्च को उसकी 14 वर्षीय पुत्री को चाऊपुरा, मस्वासी, तहसील स्वार निवासी अंकुश पुत्र गजराम बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। आरोप लगाया कि इस सब में अंकुश का साथ पड़ोसी शिवा पुत्र बन्टी ने दिया। कहा कि जब उसने अंकुश के घर पर जाकर अपनी पुत्री के बारे में पूछताछ की तो अंकुश की माता ने हमसे कहा कि तुम्हारी लड़की हमारे पास है परन्तु हम तुम्हारी लड़की को वापस नहीं करेंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कोयले से ऊर्जा उत्पादन की ओर लौटती दुनिया

जलवायु परिवर्तन के घातक संकेतों के चलते दुनिया गैस आधारित ऊर्जा उत्पादन की ओर तेजी से बढ़ी थी। किंतु पहले रूस-यूक्रेन, इजरायल-फिलीस्तीन और अब अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध ने ऐसे विकट हालात पैदा कर दिए हैं कि दुनिया ऊर्जा संकट की कमी झेलने लगी है। अतएव जिन देशों ने ऊर्जा उत्पादन के गैस आधारित उपाय कर लिए थे, वे अब अपने कोयले से चलने वाले बंद पड़े ऊर्जा संयंत्रों को चालू करने की तैयारी में जुट गए हैं। क्योंकि इस युद्ध में तेल भंडारों के साथ गैस से बनने वाली बिजली संयंत्रों पर युद्ध के दौरान बड़े हमले हुए है। ईरान ने पश्चिम एशियाई देशों में स्थित अनेक ऊर्जा संयंत्रों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। दूसरी तरफ अमेरिका एवं इजरायल ने ईरान के परमाणु और गैस ऊर्जा संयंत्रों को ध्वस्त कर दिया है। इस गल्फ वार ने दुनिया में गैस की किल्लत पैदा कर दी है। नतीजतन जापान, जर्मनी, बांग्लादेश, नीदरलैंड, पोलैंड और चेक गणराज्य जैसे देशों ने जीवाश्म ईंधन, अर्थात कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों को फिर से चालू करने का निर्णय ले लिया है। जबकि ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार 2015 से यूरोप में कोयले से बिजली बनाने की क्षमता में 45 प्रतिशत की गिरावट आ गई थी। दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को लंबे समय से गैस आधारित बिजली को एक 'ब्रिज फ्यूल' के तौर पर बेचा जाता था। अर्थात कोयले का एक ऐसा स्वच्छ विकल्प मिल गया था, जो सस्ता होने के साथ भरोसे का भी है। इसके प्रयोग में कार्बन का उत्सर्जन भी शून्य रहता है। अतएव ऊर्जा उत्पादन में इसकी उपयोगता निरंतर बढ़ रही थी। लेकिन ऊर्जा संयंत्रों पर हमलों के चलते गैस का संकट लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इंटरनेशनल ऊर्जा एजेंसी का दावा है कि गैस की कमी और उसकी बढ़ती कीमतों के चलते सरकारें, उद्योग और घर-परिवार दूसरे विकल्पों की तालाश करेंगे। इसलिए कोयले का इस्तेमाल होना तय है। कोयले से बिजली बनेगी तो कॉर्बन का भी बड़ी मात्रा में उत्सर्जन होगा। इस विशयक गोल्डमेन सैक्स गुप्र में कमोडिटीज रिसर्च का कहना है कि हम ऊर्जा आपूर्ति में आया दूसरा बहुत बड़ा झटका अनुभव कर रहे है। ऐसे में इस बात की आशंका है कि कई देशों को लंबे समय तक कोयले पर निर्भर रहना पड़ सकता है। गैस की कमी के चलते यूरोप और एशिया के कई देश कोयले से बिजली उत्पादन को मजबूर हो जाएंगे। दुनिया के सबसे बड़े गैस आयातक देशों में से एक जापान ने तो हि भी दिया है कि हम कोयला आधारित ऊर्जा संयंत्रों को चालू करने जा रहे हैं। यूरोपीय देश भी 20 प्रतिशत से अधिक बिजली का उत्पादन कोयले से करने लग जाएंगे। इससे वायुमंडल में बढ़ते तापमान के वैश्विक उपायों को बड़ा झटका लग सकता है। 2018 का ऐसा वर्श था, जब भारत और चीन में कोयले से बिजली उत्पादन में कमी दर्ज की गई थीं। नतीजतन भारत पहली बार इस वर्श के 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक' में शीर्श दस देशों में शामिल हो गया था। वहीं अमेरिका सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल हुआ था। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 'कॉप 25' जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में यह रिपोर्ट जारी की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार 57 उच्च कार्बन उत्सर्जन वाले देशों में से 31 में उत्सर्जन का स्तर कम होने के रुझान इस रिपोर्ट में दर्ज थे। उन्हीं देशों से 90 प्रतिशत कार्बन का उत्सर्जन होता रहा है। इस सूचकांक ने तय किया था कि कोयले की खपत में कमी सहित कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक बदलाव दिखाई देने लगे हैं। इस सूचकांक में चीन में भी मामूली सुधार हुआ था। नतीजतन वह तीसवें स्थान पर रहा है। जी-20 देशों में ब्रिटेन सातवें और भारत को नवीं उच्च श्रेणी हासिल हुई थी। जबकि आस्ट्रेलिया 61 और सऊदी अरब 56वें क्रम पर हैं। अमेरिका खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में इसलिए आ गया था, क्योंकि उसने जलवायु परिवर्तन की खिल्ली उड़ाते हुए इस समझौते से बाहर आने का निर्णय ले लिया था।दुनिया की लगभग 37 प्रतिशत बिजली का निर्माण थर्मल पावरों में किया जाता है। इन संयंत्रों की भट्टी में कोयले को झोंका जाता है, तब कहीं जाकर बिजली का उत्पादन होता है। ब्रिटेन में हुई पहली औद्योगिक क्रांति में कोयले का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 1500 ईसवीं में बड़ी मात्रा में कोयले के उत्खनन की शुरूआत हुई थी। इसके बाद जिन देशों में भी कारखाने लगे, उनमें लकड़ी और कोयले का प्रयोग लंबे समय तक होता रहा। दुनिया की रेलें भी कोयले से ही लंबे समय तक चलती रही हैं। भोजन पकाने और ठंड से बचने के उपाय भी लकड़ी जलाकर किए जाते रहे हैं। अतएव धुएं के बड़ी मात्रा में उत्सर्जन और धरती के तापमान में वृद्धि की शुरुआत औद्योगिक क्रांति की बुनियाद रखने के साथ ही आरंभ हो गई थी। इसके बाद जब इन दुश्प्रभावों का अनुभव पर्यावरणविदों ने किया तो 14 जून 1992 में रियो डी जनेरियो में पहला अंतरराश्ट्रीय पृथ्वी संयुक्त राश्ट्र सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन के परिणामस्वरूप जापान के क्योटो शहर में 16 फरवरी 2005 को पृथ्वी के बढ़ते तापमान के जरिए जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए क्योटो प्रोटोकॉल अंतरराश्ट्रीय संधि अस्तित्व में आई। इस संधि में शामिल देशों ने ग्रीन हाउस अर्थात मानव उत्सर्जित गैसों को कम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दुनिया के वैज्ञानियों ने एक राय होकर कहा कि मानव निर्मित गैस सीओ-2 के उत्सर्जन से धरती का तापमान बढ़ रहा है, जो जीवाश्म ईंधन का पर्याय है। 192 देशों ने इस संधि पर हस्ताक्षर किए हुए हैं।लेकिन वर्तमान में चल रहे भीशण युद्धों ने हालात बदल दिए हैं। नवंबर 2021 में ग्लासगो में हुए वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे। यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत-चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिया जाएगा। आस्ट्रेलिया के सबसे बड़े कोयला उत्पादक व निर्यातक रियो टिंटो ने अपनी 80 प्रतिशत कोयले की खदानें बेच दीं थीं, क्योंकि भविश्य में कोयले से बिजली उत्पादन बंद होने के अनुमान लगा लिए गए थे।भारतीय व्यापारी गौतम अडानी ने इस अवसर का लाभ उठाया और अडानी ने 'आस्ट्रेलिया कोल कंपनी' बनाकर ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड क्षेत्र में कोयला खदानें भी हासिल कर लीं। अडानी ने कारमिकेल कोयला खदान पर पर्यावरण संबंधी मंजूरी मिलने के बाद 2019 से कोयले का खनन शुरू कर इसे बेचना भी आरंभ कर दिया है। अडानी ने ऑस्ट्रेलियाई मूल के 1500 बेरोजगारों को प्रत्यक्ष और 6,750 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार देने का अनुबंध करके इस खदान से उत्खनन शुरू किया है। कोरोना के बाद 2022 में भारत में कोयले का संकट खड़ा हुआ था, तब आस्ट्रेलिया से ही भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने कोयला खरीदा था। 2019 तक यूरोप केवल 20 प्रतिशत बिजली का उत्पादन कोयले से करता था। ऊर्जा की शेश जरूरतों की आपूर्ति गैस से होती थी। इसलिए अनेक यूरोपीय देशों ने 2025 तक अधिकतर ताप विद्युत घरों को बंद करने की परियोजनाओं पर काम करना शुरू कर दिया था। लेकिन यूक्रेन से युद्ध के बाद रूस से गैस की आपूर्ति बंद हो जाने के कारण इटली, जर्मनी, नीदरलैंड और ऑस्ट्रिया ने अपने संयंत्रों में कोयले से बिजली उत्पादन आरंभ कर दिया था। इन फैसलों के चलते अंतरराश्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी को कहना पड़ा था कि 2022-23 में यूरोपीय देशों में कोयले से बिजली का उत्पादन 7 से 10 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा। जबकि पूरी दुनिया में कोयले की खपत आठ अरब टन हो जाएगी। कोयले की इतनी ही खपत 2013 तक होती थी। साफ है, कोयले की खपत बिजली उत्पादन के लिए बढ़ेगी तो कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ेगा। अतएव धरती के तापमान में वृद्धि भी बढ़ेगी।

**प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

# असम और बंगाल मैं जनसंख्या परिवर्तन का टाईम बम

देश के कुछ हिस्सों में जनसंख्या का जो बदलाव पिछले सात दशकों में हुआ है, वह महज आंकड़ों की हेरफेर नहीं है। यह एक सुनियोजित परिवर्तन की कहानी है, जिस पर देश के बुद्धिजीवी, सामाजिक संगठन और नीति-निर्माता चिंता जता रहे हैं। गत दिवस तमिलनाडु के राज्यपाल रहे आरएन रवि ने गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में असम, पश्चिम बंगाल और पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में हो रहे जनसंख्या परिवर्तन को एक टाइम बम की संज्ञा देते हुए चेतावनी दी कि यदि इन प्रवृत्तियों को नजरअंदाज किया गया, तो ये भविष्य में राष्ट्रीय एकता के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। उनका सवाल था, क्या किसी ने बीते 30-40 वर्षों में इन इलाकों में हुई जनसंख्या की प्रवृत्तियों पर ध्यान दिया है और क्या आने वाले 50 वर्षों में यह परिवर्तन देश के लिए विभाजनकारी साबित नहीं होगा? आजादी के समय असम एक ऐसा राज्य था, जहां अलग-अलग समुदाय और जनजातियाँ सदियों से साथ रहती थीं। लेकिन 1951 की पहली जनगणना में असम में मुस्लिम आबादी 22.6 प्रतिशत थी। 1971 में यह बढ़कर 24.6 प्रतिशत, 1991 में 28.4 प्रतिशत, 2001 में 31 प्रतिशत और 2011 की जनगणना में 34.2 प्रतिशत हो गई। यानी साठ वर्षों में असम में एक खास समुदाय की आबादी में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगली जनगणना में यह आंकड़ा 40 प्रतिशत का आंकड़ा भी पार कर सकता है। इस वृद्धि की असली वजह केवल स्वाभाविक जन्मदर नहीं है। 1961 से 2011 के बीच, यानी पाँच दशकों में देश में मुस्लिम जनसंख्या की वृद्धि दर 194.38 प्रतिशत रही, जबकि असम में मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर 286.16 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से लगभग डेढ़ गुना अधिक है। इस अंतर की व्याख्या केवल प्राकृतिक जनसंख्या वृद्धि से नहीं की जा सकती। असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि असम की कुल मुस्लिम जनसंख्या में से मात्र 3 प्रतिशत ही मूल असमिया आबादी है, शेष बांग्लादेश से आए लोग हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बांग्लादेश से लगी सीमा पर बसे जिलों में यह समस्या और भी गंभीर है। 2001 की जनगणना में असम में छह मुस्लिम बहुल जिले थे, जो 2011 तक बढ़कर 11 हो गए। उधर, पश्चिम बंगाल की स्थिति असम से कम चिंताजनक नहीं है। बांग्लादेश के साथ इस राज्य की लंबी सीमा है और 1971 से लगातार सीमावर्ती जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठ होती रही है। 2011 की जनगणना के अनुसार पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2001 में 25.2 प्रतिशत से बढ़कर 2011 में 26.94 प्रतिशत हो गई और इस दौरान मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर 21.81 प्रतिशत रही। जिलेवार आंकड़े और भी चौंकाने वाले हैं। मुर्शिदाबाद में मुस्लिम आबादी 69.5 प्रतिशत, मालदा में 53.3 प्रतिशत, उत्तरी और दक्षिणी दिनाजपुर में 42.8 प्रतिशत, बीरभूम में 39.6 प्रतिशत और उत्तरी व दक्षिणी 24 परगना में 36.1 प्रतिशत हो चुकी है। इन सीमावर्ती आठ जिलों में हिन्दू जनसंख्या में प्रत्येक दशक में 3 प्रतिशत तक की कमी भी दर्ज की गई है। राजनीतिक आरोपों की बात करें तो 1977 से 2011 तक 34 साल सत्ता में



रही वाममोर्चा सरकार पर आरोप है कि उसने घुसपैठियों को मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड और आधार कार्ड उपलब्ध कराए। इसकी एवज में 2006 तक वाममोर्चे को एकमुश्त वोट मिलता रहा, लेकिन 2007 के नंदीग्राम हिंसा के बाद यह वोट तृणमूल कांग्रेस की ओर चला गया। यह आरोप लगाने वाले केवल विरोधी दल के लोग नहीं हैं। कोलकाता में रहने वाले पूर्व नौकरशाह और तृणमूल कांग्रेस के सह-संस्थापक सदस्य दीपक कुमार घोष का कहना है कि वाममोर्चा ने अपने वोट बैंक के लिए मुस्लिम शरणार्थियों को शरण दी, जबकि तृणमूल ने इन अवैध घुसपैठियों को सत्ता तक में स्थान दिया। उत्तर प्रदेश और बिहार के पूर्वी हिस्से, यानी पूर्वांचल में जनसंख्या परिवर्तन की बात कुछ अलग किस्म की है। यहाँ प्रश्न केवल बाहर से आने वाली जनसंख्या का नहीं, बल्कि समुदाय-विशेष की प्रजनन दर का भी है। उत्तर भारत और पूर्वी भारत के राज्यों जैसे बिहार और उत्तर प्रदेश में कुल प्रजनन क्षमता दर चार से ज्यादा है, जबकि दक्षिण भारत में यह 2.1 के आसपास है, जो कि स्थिर स्तर माना जाता है। यह असंतुलन न केवल संसाधनों पर दबाव डालता है, बल्कि राजनीतिक और सांस्कृतिक समीकरण भी बदल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे जुड़े संगठन लंबे समय से इस मुद्दे पर चेताते आए हैं। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने सीमावर्ती इलाकों में जनसंख्या परिवर्तन को लेकर बार-बार राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की है। असमिया साहित्य सभा जैसे सांस्कृतिक संगठनों ने असम की अस्मिता और संस्कृति पर मंडराते खतरे को लेकर आवाज उठाई है। इतिहासकार और लेखक नृपेन्द्र मिश्र जैसे विद्वानों ने सीमावर्ती इलाकों की जनसांख्यिकी पर गहन अध्ययन प्रस्तुत किए हैं। पाञ्चजन्य पत्रिका सहित अनेक प्रकाशनों ने इस जनसांख्यिकी परिवर्तन को न केवल आंकड़ों में, बल्कि असम के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने पर पड़ रहे असर के रूप में भी दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर, अनेक उदारवादी बुद्धिजीवी और अल्पसंख्यक संगठन इस पूरे विमर्श को सांप्रदायिक रंग देने का आरोप लगाते हैं। उनका तर्क है कि जनसंख्या परिवर्तन को एक समुदाय की साजिश बताना मुस्लिम नागरिकों के खिलाफ नफरत फैलाना है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमीयत उलेमा-ए-हिंद जैसे संगठन मानते हैं कि यह मुद्दा वोट की राजनीति के लिए हवा दिया जाता है। देश के विभाजन के समय जो सीमाएं खींची गई थीं, वे भौगोलिक रेखाएं थीं, लोगों के दिलों में नहीं। बंगाल का विभाजन हुआ, असम का एक हिस्सा पाकिस्तान से सटा रह गया। यह समस्या 1979 में ही सामने आ गई थी और इसे नेहरू काल की गलत नीतियों का नतीजा बताया जाता है। उस दौर में बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) से आने वाले शरणार्थियों को पुनर्वास दिया गया, लेकिन 1971 के बाद भी यह सिलसिला थमा नहीं। बल्कि एक खास वर्ग के लिए वोट बैंक की राजनीति ने इसे और गति दी। बंगाल में मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर 252.95 प्रतिशत रही, वहीं ओडिशा में 323.40 प्रतिशत और झारखंड में 340.35 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से कई गुना अधिक है। ये आंकड़े केवल प्रजनन दर से नहीं समझाए जा सकते। विशेषज्ञ मानते हैं कि बांग्लादेश से होने वाली अवैध घुसपैठ इसका बड़ा कारण है। बहरहाल, यह केवल राजनीतिक विमर्श नहीं है, यह उन लाखों लोगों की जिंदगी से जुड़ा सवाल है, जो असम की जमीन पर पीढ़ियों से रहते आए हैं, जो बंगाल में अपनी संस्कृति और भाषा के साथ जीते हैं। जब किसी जिले में एक समुदाय का अनुपात तेजी से बढ़ता है, तो सत्ता का संतुलन, जमीन का वितरण, शिक्षा और रोजगार सब कुछ प्रभावित होता है। इतिहास गवाह है कि जनसांख्यिकी परिवर्तन ने दुनिया में कई बार सीमाओं को फिर से खींचा है। कुल मिलाकर राज्यपाल रवि का वह सवाल आज भी हवा में गूंज रहा है कि क्या हम अंदाजा लगा सकते हैं कि अगले 50 वर्षों में यह परिवर्तन देश के लिए क्या परिणाम ला सकता है? यह सवाल जितना असुविधाजनक है, उतना ही जरूरी भी। इसका जवाब खोजे बिना न तो इन इलाकों का भला होगा और न ही देश का।

**-संजय सक्सेना, लखनऊ, वरिष्ठ पत्रकार**

# भाजपा नेता के भतीजे आशीष जायसवाल की सड़क दुर्घटना में मौत

## पंजाब के होशियारपुर में किराए पर कमरा लेकर अकेले रहता था आशीष

किच्छा। पंजाब के होशियारपुर क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में किच्छा के होनहार बेटे एवं भाजपा नेता के युवा भतीजे की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। संभावना जताई जा रही है कि शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद देर शाम उनका पार्थिव शरीर किच्छा पहुंचेगा और गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार नगर के पंजाबी मोहल्ला निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल के भाई हरिश्चंद्र जायसवाल का युवा पुत्र आशीष जायसवाल उर्फ बाबू कई वर्षों से पंजाब के होशियारपुर क्षेत्र स्थित सोनालिका ट्रैक्टर कंपनी में नौकरी कर रहे थे। आशीष जायसवाल कंपनी में कार्यरत अपने अन्य साथी के साथ किराए पर कमरा लेकर रह रहे थे, जबकि किच्छा स्थित उनके मकान में पिता हरिश्चंद्र के अलावा आशीष की पत्नी सहित उनका 6 वर्षीय पुत्र व 7 वर्षीय पुत्री निवास करते हैं। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की



सुबह तड़के करीब 5 बजे कंपनी में नाइट ड्यूटी करने के बाद आशीष अपने साथी मित्र के साथ बाइक पर कमरे में लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में घायल दोनों लोगों को इलाज के लिए स्थानीय निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत करीब 38 वर्षीय आशीष जायसवाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि उनके मित्र की हालत गंभीर बनी हुई है। तीन भाइयों में सबसे बड़े आशीष जायसवाल का छोटा भाई कई वर्षों से विदेश में है, जबकि छोटी बहन का पंतनगर में विवाह हुआ है। मेहनती एवं हंसमुख स्वभाव के तथा परिवार की बखूबी जिम्मेदारी निभा रहे आशीष की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। विगत करीब डेढ़ वर्ष पूर्व भी जायसवाल परिवार पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट गया था, जब मृतक आशीष जायसवाल की माता श्रीमती विजय लक्ष्मी देवी की उनके घर में ही हत्या हो गई थी। विजय लक्ष्मी की मौत के दुख से अभी जायसवाल परिवार उभर रहा था कि अब आशीष की मौत ने पूरे परिवार में कोहराम मचा दिया है। घटना की जानकारी के बाद उनके निवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। मृतक के चाचा एवं भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद परिवारजन पंजाब के लिए रवाना हो गए हैं, क्योंकि आशीष अकेले रहकर नौकरी करता था। उन्होंने बताया कि संभवत: शुक्रवार की देर रात्रि अथवा शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद आशीष के पार्थिव शरीर को एंबुलेंस के माध्यम से किच्छा स्थित निवास पर लाया जाएगा और शनिवार की दोपहर बाद विधि विधान से नगर स्थित सत्यपथ धाम पर नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी जाएगी। आशीष की मौत की सूचना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# अवैध शराब के साथ तस्कर दबोचा

किच्छा। नशे की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने स्कूटी सवार नशा तस्कर को अवैध कच्ची शराब के साथ दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी शराब तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में पुलिस द्वारा नशे की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कलकत्ता चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश नेगी के नेतृत्व में पुलिसकर्मी यशपाल आर्य एवं पुलिसकर्मी हरीश मेहरा की टीम ने स्कूटी सवार युवक को शक होने पर रोक लिया। पुलिस की पूछताछ में स्कूटी सवार युवक ने अपना नाम पता जीरोबंदा, ग्राम धौरा डॉम, कोतवाली किच्छा निवासी कमलजीत सिंह बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान स्कूटी में सफेद रंग के प्लास्टिक के कट्टे से 60 पाउच में रखी करीब 20 लीटर कच्ची शराब बरामद कर ली। पुलिस ने स्कूटी संख्या यूके 06 बी डी 3866 को सीज करते हुए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



# टैंपों में आग लगने से मचा हड़कम्प

किच्छा। कोतवाली अंतर्गत पुराना गल्ला मंडी क्षेत्र में टेंपो में आग लगने से हड़कंप मच गया। टेंपो में आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने आग बुझाने के प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना पर फायर यूनिट मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम नगर के पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में स्थानीय निवासी जगदीश कोहली पुत्र डोरी लाल के सीएनजी टेंपो संख्या यूके 06 टी ए 6532 में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना पर दमकल टीम मिनी हाई प्रेशर पंप लेकर मौके पर पहुंची। लेकिन मार्ग संकरा होने के चलते वाहन टेंडर मौके पर नहीं पहुंच सका। जिसके चलते मिनी हाई प्रेशर से पंपिंग कर हौज रील के माध्यम से मौके पर पानी पहुंचाकर आग बुझाई गई। घटना में टेंपो जलकर खाक हो गया। मौके पर दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत, फायरमैन दीपक बसेड़ा, फायरमैन भवान सिंह, फायरमैन प्रमोद सोन, फायरमैन संजय सिंह एवं संविदा कर्मी धीरज राणा मौजूद रहे। इधर पुलभट्टा थाना अंतर्गत सिरौली कला क्षेत्र में पेट्रोल पंप के बैकयार्ड पार्किंग की झाड़ियों में आग लगने से मौके पर भय का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। इस दौरान दमकल प्रभारी मदन सिंह रावत में स्थानीय लोगों को आग लगने के बाद तत्काल स्थानीय पुलिस एवं फायर यूनिट को सूचना दिए जाने तथा सावधानियां बरतने को लेकर जागरूक किया।

# अग्रसेन चौक पर भंडारे की सेवा निरंतर जारी

रूद्रपुर (उद संवादाता)। शहर के महाराजा अग्रसेन चौक पर भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में पिछले कई माह से निरंतर संचालित हो रही भंडारा सेवा आज समाज के लिए आस्था और मानवता का प्रेरणादायक उदाहरण बन चुकी है। इस जनसेवा के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और राहगीर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। शनिवार को आयोजित जनसेवा का शुभारंभ श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा विधि-विधान के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में हनुमान जी, भगवान शिव एवं महाराजा अग्रसेन जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग ने कहा कि प्रमोद मित्तल और उनकी टीम निस्वार्थ भाव से जनसेवा में समर्पित है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा एवं धार्मिक कार्यों में मित्तल परिवार का योगदान सराहनीय है,



जो आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। समिति के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार सीकरी ने नर सेवा ही नारायण सेवा का संदेश देते हुए कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना ही सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। गगन बाधवा ने भी प्रमोद मित्तल की टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यों से समाज में सेवा और मानवता की भावना सुदृढ़ होती है। कार्यक्रम के अंत में भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए संकल्प दोहराया कि समाज के सहयोग से यह सेवा कार्य भविष्य में भी अनवरत जारी रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से महामंत्री चंद्रप्रकाश सचदेवा, सर्वेश मौर्य, अशोक राजपूत, सूरज सचदेवा, अजय फुटेला, मनोज अरोड़ा, अक्ष नारंग, प्रियांशु यादव, अनुज छाबड़ा, गौतम गगनेजा, शिवांश अग्रवाल, कुशल अग्रवाल, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश कामरा, अनुज अग्रवाल, प्रमोद यादव, नितिन अग्रवाल, निखिल चंडोक, जितेंद्र साहनी, मनीष मित्तल, अंकित शर्मा, पूजा मित्तल, दीपिका मित्तल, रवि अग्रवाल, अमन अग्रवाल, अशोक नेगी और श्रीओम अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।






## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अंगद वीर सिंह चावला (ANGAD VEER SINGH CHAWLA) से बदलकर अंगदवीर सिंह चावला (ANGADVEER SINGH CHAWLA) रख लिया है। भविष्य में मुझे अंगदवीर सिंह चावला (ANGADVEER SINGH CHAWLA) के नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

अंगदवीर सिंह चावला पुत्र श्री रनजीत सिंह चावला, निवासी- बी-15, वैशाली कॉलोनी, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

## पेज एक का शेष...

**ज्ञान और संस्कारों....**को पुनर्जीवित करना है। उन्होंने जानकारी दी कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और महान विभूतियों से परिचित कराने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में 'हमारी विरासत एवं महान विभूतियां' नामक पुस्तक शामिल की गई है। यह पहल युवाओं को उत्तराखंड के गौरवशाली इतिहास और यहां के महान व्यक्तित्वों के संघर्ष व योगदान से जोड़ने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पुस्तकें केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि समय से परे ज्ञान का ऐसा प्रकाश हैं जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी समाज को दिशा देती हैं। उन्होंने युवाओं और बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि पुस्तकें वास्तव में हमारे दिमाग की खुराक हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट हमें केवल सूचनाएं दे सकता है, लेकिन गहन सोच और समझने की शक्ति केवल पुस्तकों के अध्ययन से ही विकसित होती है। मोबाइल सूचनाओं का आदान-प्रदान सरल बनाता है, लेकिन पुस्तकें हमारी सोच को गहरा और स्थाई बनाती हैं। उत्तराखंड को साहित्यिक पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 'उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान' और 'लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार' के जरिए रचनाकारों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा राज्य में दो श्साहित्य ग्रामश स्थापित किए जा रहे हैं। इन ग्रामों में साहित्यकारों के लिए आधुनिक पुस्तकालय, संगोष्ठी कक्ष और अध्ययन स्थल जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे सृजन के लिए अनुकूल वातावरण मिल सके। अपने सम्बोधन में सीएम ने महर्षि वेदव्यास, महाकवि कालिदास से लेकर सुमित्रानंदन पंत, महादेवी वर्मा, रस्किन बॉन्ड और शैलेश मटियानी जैसे दिग्गजों को याद किया। उन्होंने कहा कि इसी पावन धरा पर महाभारत की रचना हुई और रविंद्रनाथ टैगोर ने गीतांजलि के अंश लिखे। उन्होंने गर्व व्यक्त किया कि उत्तराखंड की धरती ने गुमानी पंत और मोलाराम जैसे कवियों को जन्म दिया, जिन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं को समृद्ध किया। 12 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले में देशभर के प्रख्यात साहित्यकार हिस्सा ले रहे हैं। मेले में लेखक से मिलिए, पुस्तक परिचर्चाएं और विशेष चिल्ड्रन पवेलियन बनाया गया है, जहां बच्चों के लिए स्टोरी टेलिंग और क्विज जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

**जंगल गई महिला को ....**उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया।ग्रामीणों ने बताया कि भीमताल, धारी और ओखलकांडा क्षेत्र दिसंबर माह से लगातार गुलदार के खौफ के साये में हैं। अब तक इन इलाकों में चार महिलाएं गुलदार के हमले में अपनी जान गंवा चुकी हैं। हालांकि वन विभाग द्वारा अब तक छह गुलदारों को पकड़कर रेस्क्यू सेंटर भेजा जा चुका है, इसके बावजूद क्षेत्र में खतरा कम नहीं हो रहा है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से तत्काल ठोस कार्रवाई करने, प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरे लगाने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।मामले में डीएफओ आकाश गंगवार ने बताया कि जंगल से महिला का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गांव में तत्काल पिंजरा लगाया जा रहा है और हमलावर गुलदार की पहचान के लिए डीएनए सैंपल भी लिए जा रहे हैं। प्रशासन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय लोगों से सतर्क रहने और अकेले जंगल की ओर न जाने की अपील की है। फिलहाल इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है।

**रूद्रपुर में अतिक्रमण पर ...**के दौरान एडीएम मिश्रा और तहसीलदार दिनेश कुटोला भी मौजूद रहे। टीम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक रास्तों और सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग के अधिकारी भी अपनी-अपनी टीम के साथ तैनात रहे ताकि कार्रवाई के दौरान किसी भी तकनीकी समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली से एसएसआई के.सी. आर्या के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा। हालांकि, कुछ लोगों ने कार्रवाई का हल्का विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस और प्रशासन की सख्ती के आगे उनकी एक न चली। एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और जिन लोगों ने अभी भी अतिक्रमण नहीं हटाया है, उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**भाजपा नेता सचिन ...**दिया। कोतवाली प्रभारी मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि वारंट के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। भाजपा नेता सचिन मुंजाल की गिरफ्तारी के बाद शहर में राजनीतिक चर्चाओं का बाजार गर्म है। विपक्षी दलों ने इस मामले को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी के नेता खुद कानून के शिकंजे में फंस रहे हैं, वह जनता को नैतिकता का पाठ कैसे पढ़ा सकती है।स्थानीय लोगों का भी कहना है कि इस तरह के मामलों से भाजपा की छवि धूमिल हो रही है और पार्टी को अपने नेताओं की कार्यशैली पर गंभीरता से मंथन करना चाहिए। वहीं भाजपा की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इधर घटना के बाद आम जनता में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों को कानून का पालन करने में उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए, लेकिन इस तरह की घटनाएं विश्वास को कमजोर करती हैं। उन्होंने ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई और राजनीतिक दलों से भी जवाबदेही तय करने की मांग की है।

**प्रधानमंत्री मोदी...**के निर्माण में 12 हजार करोड़ रुपये की लागत आई है। इसके शुरू होने से दिल्ली से देहरादून के बीच का सफर 5 घंटे से घटकर मात्र ढाई घंटे रह जाएगा। लोकार्पण समारोह को भव्य बनाने के लिए दिल्ली से लेकर देहरादून तक तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं, जिसमें मार्ग के सौंदर्यीकरण और लाइटिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एक्सप्रेस-वे के अलावा प्रधानमंत्री टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट का लोकार्पण भी करेंगे। साथ ही राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की योजना और चंपावत जिले में बनबसा लैंड पोर्ट परियोजना का शिलान्यास किए जाने की भी संभावना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखंड आगमन सदैव राज्य के लिए लाभदायक सिद्ध होता है और हर बार वे विकास की नई सौगात देकर जाते हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इस बार भी राज्य के विकास को इन बड़ी परियोजनाओं से नई गति मिलेगी। प्रशासन और संबंधित विभाग कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

**सिलेंडर वितरण में धाधली...** विकास शर्मा ने उसे दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित होम डिलीवरी की व्यवस्था में तुम्हारी मनमानी नहीं चलने दी जायेगी। व्यवस्थायें बिगाड़कर तुम प्रदेश सरकार को बदनाम कर रहे हो परंतु मैं धामी सरकार को बदनाम नहीं होने दूंगा। यदि तुम्हारे कर्मी सिलेंडर नहीं बांटेंगे तो वह निगम कर्मियों या बेरोजगार युवकों से सिलेंडर बंटवाने की व्यवस्था कर देंगे। लेकिन किसी भी हालत में जनता को परेशान नहीं होने दिया जायेगा। एडीएम ने सिलेंडरों की कालाबाजारी करने के आरोप में ठेकेदार को तत्काल हिरासत में ले लेने के निर्देश दिये। जिसे तहसीलदार द्वारा पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। मेयर व प्रशासनिक अधिकारियों के कड़े तेवरों के बाद अब उपभोक्ताओं को आशा होने लगी है कि होम डिलीवरी की व्यवस्था में काफी सुधार होगा।

**वन्यजीव के हमले...**के ऊपरी हिस्से की मांसपेशियां पूरी तरह क्षत विक्षत हो गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।मृतक के भाई हरेंद्र सिंह ने बताया कि इन दिनों गांव के रास्तों पर हाथियों का मूवमेंट काफी बढ़ गया है, जिससे अंदेशा है कि भूपेंद्र सिंह बिष्ट को हाथी ने ही निशाना बनाया होगा। दूसरी ओर, सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम मामले की गहनता से जांच कर रही है। वन विभाग के अधिकारी इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि यह हमला हाथी ने किया है या फिर क्षेत्र में सक्रिय किसी बारहसिंगा द्वारा किया गया है। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने व वन्यजीवों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

**मार्ग अवरोधक...**एम्बुलेंस कर्मियां के साथ पुलिस कर्मी भी आ पहुंचे। गंभीर हालत में युवक को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। मृतक युवक की शिनाख्त न होने के कारण पुलिस ने आसपास के थाना क्षेत्रों में घटना की जानकारी दे दी है। मृतक युवक के उत्तर प्रदेश का निवासी होने की सम्भावन व्यक्त की जा रही है।

**फायर से धुरंधर तक...**के पीछे पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और प्रदेश में अपराध पर पूरी तरह लगाम लगाई जाएगी। अपनी चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने पुरानी यादें साझा करते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान अल्मोड़ा की एक जनसभा में राजनाथ सिंह ने उन्हें फ्लावर नहीं फायर कहकर संबोधित किया था। वहीं, हाल ही में हल्द्वानी में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें 'धुरंधर' की उपाधि दी गई, जिसे वह अपने कार्यों की सराहना और जनता के प्रति अपनी सेवा का एक नया संकल्प मानते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास और सुरक्षा के लिए वह निरंतर कड़े फैसले लेने से पीछे नहीं हटेंगे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# भिटौली: पहाड़ की बेटियों तक पहुंचता मायके का स्नेह

-रमेश जड़ौत-




अल्मोड़ा। उत्तराखंड की वादियों में जब चैत्र का महीना दस्तक देता है, तो सिर्फ मौसम ही नहीं बदलता रिश्तों की मिठास भी एक बार फिर ताजा हो जाती है। उत्तराखंड की इसी मिट्टी से निकली एक परंपरा है भिटौली। एक ऐसा पर्व, जिसमें मायका अपनी विवाहित बेटी तक सिर्फ उपहार नहीं, बल्कि अपना स्नेह, अपनापन और यादें भेजता है। दरअसल, भिटौली कोई औपचारिक परंपरा नहीं, बल्कि भावनाओं का उत्सव है। वह हर साल चैत्र महीने में मनाया जाता है, जो पूरे 30 दिनों का होता है। इसी दौरान माता-पिता और भाई अपनी विवाहित बेटी या बहन के लिए वस्त्र, पकवान और उपहार लेकर उसके ससुराल जाते हैं। यह यात्रा सिर्फ दूरी तय करने की नहीं होती यह उस रिश्ते को फिर से जीने की कोशिश होती है, जो शादी के बाद दूरियों में बंध जाता है। भिटौली की परंपरा की जड़ें उस समय में हैं जब संचार के साधन बेहद सीमित थे। पहाड़ों में बसी बेटियों के ससुराल कई कोस दूर हुआ करते थे। साल भर में मुलाकात भी मुश्किल होती थी। ऐसे में बुजुर्गों ने एक रास्ता निकाला भिटौली। एक ऐसा अवसर, जब परिवार अपनी विवाहित बेटी से मिलने उसके ससुराल जा सके, उसका हालचाल जान सके और उसे यह एहसास दिला सके कि मायका आज भी उतना ही करीब है।

## इंटरनेट ने दूरी को किया खत्म

अल्मोड़ा। आज भले ही दिन में कई बार फोन पर हालचाल पूछ लिया जाता हो, वीडियो कॉल से चेहरे देख लिए जाते हों, लेकिन भिटौली की अहमियत कम नहीं हुई है। क्योंकि कुछ रिश्ते सिर्फ बातों से नहीं, मिलने से, साथ बैठने से और अपने हाथों से मिठास बांटने से मजबूत होते हैं। भिटोली आज भी उसी सादगी और प्रेम के साथ मनाई जा रही है और शायद यही वजह है कि यह परंपरा आने वाले समय में भी यूं ही जीवित रहेगी। कुल मिलाकर भिटौली सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि यह याद दिलाने का तरीका है कि दूरी चाहे जितनी भी हो जाए मायका हमेशा दिल के सबसे करीब रहता हैं।

## भिटौली की खास पहचान 'साई'

अल्मोड़ा। उत्तराखंड में पारम्परिक लोक पर्व और रीति रिवाजों की बड़ी श्रंखला हैं । भिटौली की सबसे खास पहचान है साई। यह एक पारंपरिक पकवान है, जिसे चावल को पीसकर, भूनकर और उसमें मिठास मिलाकर तैयार किया जाता है। जब यह साई और अन्य मिष्ठान विवाहित बेटी के हाथों में पहुंचते हैं, तो वह सिर्फ स्वाद नहीं होता वह मायके की यादों का स्वाद होता है। बेटी भी इस खुशी को अपने तक सीमित नहीं रखती। वह अपने ससुराल और आस-पड़ोस में यह कहकर मिठाई बांटती है भिटौली मायके से आई है। इसी एक वाक्य में दीया होता है उसका गर्व, उसका अपनापन।

# 14 वरिष्ठ नेताओं को दी गई दायित्वधारी की जिम्मेदारी

देहरादून। धामी सरकार ने कैबिनेट विस्तार के बाद अब नेताओं को दायित्व बांटने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को विभिन्न आयोगों, परिषदों और समितियों में 14 लोगों को नियुक्त कर दिया गया है। गृह एवं गोपन सचिव शैलेश बगौली की ओर से इस बाबत आदेश जारी किए गए। देहरादून से कुलदीप सुटोला को राज्य स्तरीय खेल परिषद में अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है जबकि नैनीताल से ध्रुव रौतेला को मीडिया सलाहकार समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, चंपावत से हरिप्रिया जोशी को राज्य महिला आयोग में, टिहरी से विनोद सुयाल को राज्य युवा कल्याण सलाहकार परिषद में, चंपावत से मुकेश महराना को चाय विकास सलाहकार परिषद में स्थान दिया गया है। देहरादून से चारु कोठारी को राज्य निर्माण आंदोलनकारी सम्मान परिषद में.चमोली से प्रेम सिंह राणा को जनजाति आयोग में, टिहरी से खेमसिंह चौहान को ओबीसी आयोग कल्याण परिषद में, टिहरी से ही सोना सजवाण को जड़ी बूटी सलाहकार समिति में, अल्मोड़ा से गोविंद पिलखवात को हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषाद में, देहरादून से बलजीत सोनी को अल्पसंख्यक आयोग, काशीपुर की सीमा चौहान को मत्स्य विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता भावना मेहरा और अशोक वर्मा को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीएम पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सभी नवनियुक्त दायित्वधारियों को शुभकामनाएं दी हैं।




# काशीपुर से गदरपुर तक जाम के झाम से जूझ रहे शहर

## ट्रैफिक नियमों की उड़ रही धज्जियां, जोखिम का खतरा बढ़ा

-मनोज श्रीवास्तव -



काशीपुर। यातायात पुलिस की लापरवाह कार्य शैली एवं गलत नीतियों के कारण पिछले कुछ समय से संगठनात्मक जनपद काशीपुर के अंतर्गत आने वाले आधा दर्जन शहर जाम की मुश्किलों से जूझ रहे हैं। ट्रैफिक व्यवस्था पटरी से नीचे होने के कारण गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है तो वहीं दूसरी ओर स्कूल कॉलेज तक पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं एवं नौकरी पेशा लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञातव्य है कि पिछले कुछ माह से संगठनात्मक जनपद काशीपुर ट्रैफिक व्यवस्था की बदहाली से जूझ रहा है। यहां वाहन चालक ट्रैफिक नियमों को नहीं मानते या फिर यह का लिया जाए की यातायात के कर्मचारी व अधिकारी वाहन चालकों को नियमों का पाठ पढ़ाने में कमजोर साबित हो रहे हैं। सूत्रों की माने तो जनपद में इन दोनों चोरी के वाहनों की भरमार है। संदिग्ध नंबर प्लेटों के सहारे सड़कों पर फर्राटा भर रहे ऐसे वाहनों की जांच पड़ताल नहीं की जा रही है। ट्रिपल राइडिंग, दोष पूर्ण नंबर प्लेट, नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना, बगैर दस्तावेजों के सड़कों पर फर्राटा भरना जिले में आम बात है। विभाग के आला अफसर यदि इन अव्यवस्थाओं पर नजर डालें तो उन्हें सहज ही पता चल जाएगा की काशीपुर में ट्रैफिक पुलिस किस हद तक एक्टिव है। ड्यूटी के नाम पर साहब कारखास को लेकर फोरलेन की ओर निकल जाते हैं। वीआईपी अथवा वीवीआईपी मूवमेंट होने पर ही साहब को शहर में देखा जा सकता है। जानकार बताते हैं कि अकेले यदि ई रिक्शा के रूट को व्यवस्थित कर दिया जाए तो आधी समस्या स्वत खत्म हो जाएगी। बताया जा रहा है कि शहर में यूपी के ठाकुरद्वारा अलीगंज व दढियाल आदि क्षेत्रों से सैकड़ो की तादाद में लोग आकर यहां रिक्शा चला रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस के पास ऐसे लोगों का कोई डिटेल नहीं है। पता चला है कि अधिकांश बैटरी रिक्शा चालकों के पास लाइसेंस नहीं है। नाबालिग भी फर्राटा भरते देखी जा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस सब कुछ देख कर अनदेखा कर रही है। टांडा तिराहा, मुख्य चौराहा, स्टेडियम तिराहा, रामनगर रोड व बाजपुर रोड पर प्राइवेट वाहनों के अवैध अड्डों पर नंबर लगाने के नाम पर अपराधी तथा अराजक तत्वों द्वारा गुंडा टैक्स के वसूली की सूचना है। अपुष्ट सूत्र बताते हैं कि अवैध वसूली करने वालों को यातायात पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के कारण जाम दुर्घटनाओं व प्रदूषण का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। यह स्थिति समय की बर्बादी मानसिक तनाव व आर्थिक नुकसान का कारण बन रही है।



## नजर अंदाजगी के कारण पार्किंग में तब्दील है हाईवे

काशीपुर। काशीपुर जसपुर बाजपुर केलाखेड़ा व गदरपुर में यातायात व्यवस्था को लेकर हालात बद से बद्तर हो चुके हैं। शहर के प्रमुख मार्गो चौराहों व राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिक्रमण बुरी तरह पसरा हुआ है। अकेले काशीपुर की बात करें तो टांडा चौराहे से मुरादाबाद रोड पर मंडी पुलिस चौकी तक राष्ट्रीय राजमार्ग को पार्किंग में तब्दील कर दिया गया है। इस पूरे मार्ग पर बड़े शोरूम कारों की वर्कशॉप होटल अथवा निजी अस्पतालों ने हाईवे को पार्किंग बना दिया है। मजे की बात यह है कि इस रास्ते से होकर पूरे दिन प्रशासन के अधिकारियों का बारंबार आवागमन होता है लेकिन इसके बावजूद आज तक हाईवे को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जा सका। शहर में बेदर्दी ढंग से पसरी अतिक्रमण को लेकर निगम प्रशासन की भूमिका सवालों के घेरे में है। वहीं मुस्तैदी और सक्रियता के नाम पर ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी शहर के प्रमुख चौराहों के आसपास इलेक्ट्रॉनिक चालान मशीन लेकर खड़े दिखाई दे जाएंगे लेकिन चालानी कार्रवाई से व्यवस्था पर रंच मात्र भी फर्क नहीं देखा जा रहा है। विभाग के अधिकारी खुद मानते हैं कि हेलमेट के इस्तेमाल को लेकर अब तक संयोजन शुल्क के रूप में करोड़ों रुपए वसूले जा चुके हैं लेकिन आज भी रोड पर 10% वाहन चालक ही हेलमेट का प्रयोग कर रहे हैं बाकी के 90% ट्रैफिक नियमों की खिल्लियां उड़ाते देखे जा रहे हैं। 10% में भी आधे ऐसे हैं जो कानून के दर से हेलमेट लेकर चलते हैं अब ऐसे में भला आप ही बताइए की वर्दी अथवा कानून का भय कहां रह गया।

## जन-जन तक सरकारी योजनाएं पहुंचाने का आह्वान



काशीपुर (उद संवादाता)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत विधानसभा काशीपुर के भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का श्री अग्रवाल सभा भवन में विधिवत समापन हुआ। इस समापन अवसर पर वक्ताओं ने उपस्थित पदाधिकारियों और कर्मठ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और सरकार की नीतियों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और उनसे होने वाले व्यापक लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव के साथ जनता के बीच जाएं। उन्होंने इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय और सशक्त भूमिका निभाने पर जोर दिया। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह मानस, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, पार्षद कविता यादव, राजकुमार यादव, पार्षद अनिता काम्बोज, राजीव ठकराल, अभिषेक गोयल और मंजू यादव समेत पार्टी के सभी ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समापन सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करेंगे।